卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 243 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦14 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR
SALE, PURCHASE
RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## नीट-यूजी विवाद में केंद्र और एनटीए को नोटिस

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। नीट-यूजी विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी किया। नोटिस राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक, 2024 में प्रश्नपत्र लीक और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका को लेकर जारी किया गया है। इसके अलावा कोर्ट ने याचिकाओं को अलग-अलग हाईकोर्ट से शीर्ष अदालत में हस्तांतरित करने की मांग वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की याचिका पर भी सभी पक्षों को नोटिस जारी किया है। याचिका पर 8 जुलाई को



सुनवाई की जाएगी। जस्टिस विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाश पीठ ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के वकील की इस दलील पर गौर किया कि प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों के आधार पर नीट-यूजी को रद्द करने की मांग करने वाली कई याचिकाएं कई उच्च न्यायालयों में लंबित हैं। पीठ ने कहा कि हम नोटिस जारी कर रहे हैं। इन पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी। इस बीच एनटीए ने कहा कि वह तीन अन्य याचिकाओं को वापस लेना चाहता है, जो उच्च न्यायालयों से मामलों को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की मांग कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम ने दी सिंचाई योजना की सौगात

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जल संरक्षण अभियान - 2024 के तहत जल उत्सव कार्यक्रम में कालूवाला में सिंचाई योजना का लोकार्पण



किया। इससे पूर्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ कालू सिद्ध मंदिर में माथा टेका। कालूवाला में पूर्ण हुई इस सिंचाई योजना में सौंग नदी पर कालूवाला-जौलीग्रांट सिंचाई नहर के हेड का निर्माण एवं नहर की मरम्मत कार्य लगभग 3.80 (शेष पृष्ठ सात पर)

## डीआईजी और एसएसपी ने परखी कैची धाम मेले की सुरक्षा व्यवस्था

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। डीआईजी कुमायूँ एवम एसएसपी ने आज कैंची धाम पहुंचकर पैदल पथ की बैरिकेटिंग और स्टैन्थ की सुरक्षा जांच के उपरांत सुरक्षा कर्मियों की ब्रीफिंग कर उन्हें आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ध ाम में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता हैं। इससे पूर्व विश्व प्रसिद्ध कैची धाम में स्थापना दिवस के अवसर पर लगने वाले मेले के दौरान



श्रद्धालुओं यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा हेतु डॉ योगेंद्र सिंह रावत डीआईजी कुमाऊं रेंज एवं प्रहलाद नारायण मीणा एसएसपी द्वारा कैंची धाम जाकर पैदल पथ की बैरिकेटिंग और स्टैन्थ की सुरक्षा का गहन निरीक्षण किया। एसएसपी ने बताया कि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। जिससे सभी आगंतुक सुरक्षित और बिना किसी परेशानी के अपनी यात्रा पूरी कर सकें। निरीक्षण के दौरान, एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी (शेष पृष्ठ सात पर)

## रेलवे लाईन अंडर पास को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ओमेक्स रिवेरा के पास वर्षों से स्वीकृत हुए अन्डर पास (रेलवे लाईन) को जनहित में तुरन्त निर्माण कराये जाने की मांग को लेकर आज क्षेत्र वासियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। रोषित लोगों का कहना है कि नैनीताल रोड पर निर्मित आवासीय कालौनी ओमेक्स रिवेरा के उत्तर तरफ से जा रहीं



पक्की सड़क पर वर्षों से लोगों की समस्याओं को ध्यान मे रखते हुए, रेलवे लाईन पर अन्डर पास स्वीकृत किया गया है। परन्तु सरकार की अनदेखी के कारण, कई ग्राम व नगर निगम क्षेत्र के हजारों परिवार जिला मुख्यालय व जिला चिकित्सालय आने-जाने मे परेशानी हो रहीं है। सिडकुल आने के बाद से कुछ ही वर्षों में ग्राम छत्तरपुर, मटकोटा, भूरारानी, बिन्दुखेड़ा, रायपुर, अर्जुनपुर, दानपुर, भगवानपुर, बागवाला, कीरतपुर आदि ग्रामों मे हजारों की संख्या में नये परिवार आ गये है। इससे वर्तमान समय में इन क्षेत्रो मे लाखों लोगों की आवाजाही बढ़ गई है, इन क्षेत्रों मे वर्तमान समय में सैकड़ों नई आवासीय कालौनियां बस गई है।लोगों की समस्याओं के कारण अन्डर पास को स्वीकृत किया गया था। लेकिन सरकार की अनदेखी के कारण उक्त अन्डर (शेष पृष्ठ सात पर)

## आईपीएल में पैसा लगाकर कमाई का झांसा देकर 6 .60 लाख ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा आईपीएल क्रिकेट मैच में पैसा लगाकर कई गुना लाभ कमाने का लालच देकर एक युवक से लाखों रूपये ठग लिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है।दर्ज रपट में धंजीत कुमार पुत्र निवास सिंह निवासी वार्ड 3 किशनपुर किच्छा ने कहा है कि 12 अगस्त 2023को उसके व्हाटसेप मोबाईल नम्बर पर फोन कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्वयं को आईपीएल का अधिकारी बताकर क्रिकेट मैच में पैसा लगाकर लाभ कमाने का लालच दिया गया। उन्होने पूरी प्रक्रिया बतायी और कहा गया कि आप पहले हमारे बताये एकाउण्ट में पैसे जमा करो फिर हम आपकी आईडी बनाकर उसमें प्वाइंट एड कर देगें फिर आप उन्ही प्वाइंट से क्रिक्रेट टीम सलेक्ट कर गेम खेलना। जिसमें आपको दुगुना चौगुना व दस गुना तक फायदा हो सकता है। धंजीत का कहना है कि उसके बाद उन्होने उसे बैंक के खता संख्या दिये। जिसमें उसने कुल 660602 रूपये की धनराशि जमा की । उसके तुरन्त बाद उन्होने आईडी क्रियेट कर दी और वह उनके बताये अनुसार क्रिकेट टीम में पैसे लगाता रहा इस अवधि में उसके खातो में पैसे भी आये। कुछ समय बाद जब उसके पैसे जाते रहे तो उनसे कहा कि सही टीम सलेक्ट करने पर भी नही दिये जा रहे है तो वह बहाने बाजी करते रहे और बाद में उनके द्वारा उसे ब्लाक कर दिया गया। जब जाकर मुझे ठगी का एहसास हुआ। रपट में धंजीत ने कहा है कि उससे कुल 660602 रूपये की धनराशि ठग ली गई है। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पार्टटाईम जॉब के नाम पर एक लाख हड़पे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पार्ट टाईम जॉब देने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा युवक से ऑन लाईन एक लाख की धोखाधड़ी कर ली गई। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में ओमपाल यादव पुत्र अभिनन्दन सिंह निवासी धाधा फार्म किच्छा ने कहा है कि 9 मई2024 को उसके मोबाईल पर टेलीग्राम में एक गूगल बिजनेस से मैसेज आया। जिसमें एक लिंक दिया गया था जिस पर क्लिक किया गया तो वह एक नई टेलीग्राम एकाउण्ट से जुड गया। जिसके द्वारा स्वयं को होटल एवं रेस्टोरेन्ट का रिव्यू अधिकारी बताते हुए पार्ट टाईम जॉब के नाम पर 5 स्टार रेटिंग देकर 30 प्रतिशत तक का लाभ देना बताया।जिसके बाद उसने उसे टेलीग्राम पर एक लिंक भेजा। उसको एक्सेस किया तो गूगल पर एक खाता बनाया गया। जिसमें पहले उसके द्वारा 150 (शेष पृष्ठ सात पर)

## किच्छा के राशन डिपो स्वामी के विरूद्ध रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राशन कार्ड धारकों की शिकायत पर राशन डिपो का निरीक्षण करने के दौरान कई खामियां मिलने पर विभागीय अधिकारी द्वारा किच्छा के डिपों स्वामी के विरूद्ध किच्छा कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया गया। जिसमें कहा गया है कि ग्राम नारायणपुर कोठा में कई लोगों को राशन नहीं मिलने तथा दुकान माह में मात्र 2 दिन खुलने कई कार्ड धारको को राशन नही मिलने के सम्बन्ध में शिकायत की गई थी। जिस पर 10 अप्रैल को दोपहर अशोक कुमार पुत्र विश्वनाथ सिंह सस्ता गल्ला विक्रेता नारायणपुर कौठा निवासी नारायणपुर की दुकान का निरीक्षण करने हेतु उनको बुलाया गया। मौके पर पाया गया कि सस्ता गल्ला विक्रेता पूरे परिवार के साथ घर पर ताला लगाकर जा चुका था। विक्रेता से कई बार फोन से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया परन्तु विक्रेता के उपस्थित नहीं होने के कारण एवं दुकान में ताला लगा होने के कारण दुकान का सम्पूर्ण निरीक्षण करना संभव नहीं हो पाया। विक्रेता को पुन: 12 अप्रैल 2024 को प्रात: अपनी दुकान पर समस्त अभिलेखो सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। 12.04.2024 को प्रात: सस्ता गल्ला विक्रेता नारायणपुर (शेष पृष्ठ सात पर)

## दोस्त पर रकम हड़प लेने का लगाया आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प निवासी एक व्यक्ति ने वाहन खरीदने के लिए उधार दी गई रकम दोस्त द्वारा हड़प लेने और पुलिस से उसकी झूठी शिकायत करने का आरोप लगाने की जांच कराने की मांग की है। वार्ड 4 ट्रांजिट कैम्प निवासी अनूप राय पुत्र अशोक राय का कहना है कि उसने अपने दोस्त को वाहन खरीदने के लिए ढ़ाई लाख रूपये वर्ष 2020 में एक वर्ष के लिए दिये थे। उसने एक लाख का चैक हस्ताक्षर कर गारंटी के रूप में दिया। उसका कहना है दोस्त का वाहन 13 नवम्बर 2020 को कासगंज में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 20 नवम्बर को दोस्त वाहन कासगंज से रिलीज करा लाया और किच्छा में मरम्मत के लिए खड़ा कर दिया। कुछ दिनों बाद वाहन यहां से लालपुर में खड़ा कर दिया। इस दौरान दोस्त ने ली गई उधार राशि वापस नहीं की और रूपये हडपने की साजिश रच उसके विरूद्ध ट्रांजिट कैम्प थाने में झूठी तहरीर दे दी। जिसमें उस पर गाड़ी को खुर्दबुर्द करने का झूठा आरोप लगाया गया। अनूप ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर न्याय देने का आग्रह किया है।

## प्रदेश में बढ़ रहा कांग्रेस का जनाधार : गोदियाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि प्रदेश में कांग्रेस का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि कांग्रेस जनता के निर्णय को स्वीकार करती है। चुनाव प्रचार में पार्टी की जो कमियां रहीं हैं उनको दूर किया जायेगा। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हमेशा एक ही नेता के बलबूते पर जनता के बोट हासिल नहीं किये जा सकते हैं। इस चुनाव में देश की जनता ने भाजपा को आईना दिखा दिया है।भाजपा का चार सौ पार का नारा पूरी



तरह फ्लॉप साबित हुआ। जाति धर्म के नाम पर जनता को बांटने की कोशिश भी नाकामरही। श्री गोदियाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में कांग्रेस पार्टी के नेता हरियाणा व पंजाब की तरह जनहित के मुद्दे अच्छी तरह से नहीं उठा पाये। अन्यथा यहां के चुनाव परिणाम भी वहीं की तरह होते। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस आगे भी संघर्ष करती रहेगी। उत्तराखण्ड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकाण्ड के कातिलों को जब तक सजा नहीं मिलेगी कांग्रेस शांत नहीं बैठेगी। जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस जनता को साथ लेकर सड़कों पर उतरकर आन्दोलन करेगी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार काम सिर्फ शराब बेचना और खनन का काम करना ही रह गया है। वह प्रदेश सरकार की आबकारी नीति का कड़ा विरोध करते हैं। श्री गोदियाल ने कहा कि प्रदेश में होने वाले विधानसभा के दो उपचुनाव में पार्टी एकजुट होकर काम करेगी। दोनों सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत के लिए पूरी ताकत झोंकी जायेगी। इसके बाद निकाय चुनाव भी मजबूती से लड़ा जायेगा। इस दौरान विधायक तिलक राज बेहड़, मीना शर्मा, संजय जुनेजा आदि मौजूद थे।

# भाजपा प्रत्याशियों की सूची जारी, कांग्रेस ने नहीं खोले पत्ते

## बदरीनाथ से भंडारी और मंगलौर से लड़ेंगे भड़ाना, बसपा ने अंसारी के पुत्र उबेदुर्रहमान को दिया टिकट
## कांग्रेस ने नियुक्त किए पर्यवेक्षक, बदरीनाथ से नौ दावेदारों ने आवेदन किया, मंगलौर से काजी ही लड़ेंगे

देहरादून(उद संवाददाता)। भाजपा ने बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। बदरीनाथ से पार्टी ने पूर्व विधायक राजेंद्र भंडारी को प्रत्याशी बनाया है। भंडारी लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए थे। उन्होंने विधानसभा सदस्यता से भी त्यागपत्र दे दिया था। भाजपा ने मंगलौर विधानसभा सीट से करतार सिंह भड़ाना को प्रत्याशी बनाया है। भड़ाना हरियाणा और उत्तर प्रदेश में विधायक रह चुके हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। उसी दौरान यह माना जा रहा था कि पार्टी उन्हें मंगलौर विस सीट से उम्मीदवार बना सकती है। पार्टी के पर्यवेक्षक टीमों ने बदरीनाथ और मंगलौर विस सीट पर रायशुमारी की औपचारिकता पूरी कर बृहस्पतिवार को ही नाम प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के माध्यम से केंद्रीय चुनाव समिति को भेज दिए थे। देर रात समिति ने प्रत्याशियों के नामों का एलान कर दिया। वहीं मंगलौर सीट से बसपा ने टिकट को लेकर सस्पेंस खत्म कर दिया है। पार्टी की ओर से मंगलौर सीट से पूर्व विधायक रहे दिवंगत विधायक सरवत करीम अंसारी के पुत्र उबेदुर्रहमान को को ही टिकट देने पर आधिकारिक घोषणा कर दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शीशपाल ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बसपा उपचुनाव में मंगलोर सीट जीतेगी। इसके लिए प्रदेश भर के कार्यकर्ता, पदाधिकारी उपचुनाव में मजबूती के साथ लगेंगे। वहीं दूसरी तरफ बदरीनाथ सीट पर उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। टिहरी के विधायक विक्रम सिंह नेगी को मुख्य पर्यवेक्षक, पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी, प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह नेगी को सह पर्यवेक्षक बनाया गया। जल्द ही पर्यवेक्षक बदरीनाथ विधानसभा का दौरा कर संभावित प्रत्याशियों का पैनल प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे। इस सीट पर टिकट के लिए नौ दावेदारों ने आवेदन किया है। बृहस्पतिवार को उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक कर बदरीनाथ विस उपचुनाव में तैयारियों और प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने बताया, बदरीनाथ सीट पर प्रत्याशियों का पैनल तैयार के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्त की गई। शीघ्र ही पर्यवेक्षक बदरीनाथ विधानसभा पहुंचकर जिला ब्लॉक, नगर अध्यक्ष, पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर शीघ्र पैनल प्रदेश कांग्रेस कमेटी को देंगे। बताया, अब तक बदरीनाथ सीट से नौ दावेदारों के आवेदन मिले हैं। पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट आने पर पैनल अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को भेजा जाएगा। शीघ्र ही बदरीनाथ और मंगलौर सीट पर प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। वर्चुअल बैठक में सह प्रभारी दीपिका पांडे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन, विधायक भवन कापड़ी, जिलाध्यक्ष चमोली मुकेश नेगी, अमरजीत सिंह मौजूद रहे।







# बहुचर्चित उद्यान घोटाले में सीबीआई ने कसा शिकंजा

## उद्यान घोटाले में पूर्व निदेशक एसएच बवेजा समेत 15 नामजद अधिकारियों और नर्सरियों से जुड़े लोगों के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज किए

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में बहुचर्चित उद्यान घोटाले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। अलग-अलग तरह से हुए इस घोटाले में पूर्व निदेशक एसएच बवेजा समेत 15 नामजद अधिकारियों और नर्सरियों से जुड़े लोगों के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज किए गए हैं। सीबीआई ने बवेजा समेत इस घोटाले से जुड़े 25 अधिकारियों और अन्य लोगों से लंबी पूछताछ भी की है। जांच में आया है कि अधिकारियों ने एक्ट के नियमों को ताक पर रखकर नर्सरी के लाइसेंस दिए। इसके अलावा फलदार पौधों के रेट भी अन्य राज्यों से अधिक दिए गए। यही नहीं गलत तरीके से बनाई गई नर्सरी को धोखाधड़ी कर करोड़ों रुपये की सब्सिडी भी जारी कर दी गई। इस मामले में सीबीआई ने बृहस्पतिवार को पूर्व निदेशक एसएच बवेजा, तत्कालीन सीएचओ राजेंद्र कुमार सिंह, सीएचओ मीनाक्षी जोशी समेत कुल 26 लोगों से घंटों



पूछताछ की। इसके अलावा जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न शहरों में 20 से ज्यादा जगहों पर छापे भी मारे गए। बताया जा रहा है कि सीबीआई ने आरोपियों के घर से घोटाले से संबंधित दस्तावेज भी जुटाए हैं। मामले में अभी सीबीआई जांच कर रही है। जल्द ही कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया जा सकता है। मुकदमा : 01 हरमिंदर सिंह बवेजा, पूर्व निदेशक उद्यान विभाग, उत्तराखंड अनिल कुमार मिश्रा, तत्कालीन मुख्य उद्यान अधिकारी, उत्तरकाशी। नितिन कुमार शर्मा, प्रोपराइटर, अनिका ट्रेडर्स, रायवाला देहरादून हरजीत सिंह, निवासी राजपुर रोड, देहरादून। दूसरे मुकदमे में हरमिंदर सिंह बवेजा, पूर्व निदेशक उद्यान विभाग, उत्तराखंड, त्रिलोकी राय, तत्कालीन नर्सरी विकास अधिकारी वर्तमान में मुख्य उद्यान अधिकारी पिथौरागढ़ राजेंद्र कुमार सिंह, तत्कालीन आलू विकास अधिकारी ऊधमसिंहनगर, वर्तमान में मुख्य उद्यान अधिकारी नैनीताल नारायण सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक, निवासी हिल व्यू कॉलोनी, सहस्रधारा रोड, देहरादून। भोपाल राम, मुख्य उद्यान अधिकारी नैनीताल का सहायक विकास अधिकारी। सुनील सिंह निवासी बाजपुर, ऊधमसिंहनगर। मोहम्मद फारूख, अखरान नोपुरा, मीरबाजार, कुलगाम, जम्मू कश्मीर। साजाद अहमद डार, गोनादेवसार, कुलगाम, जम्मू कश्मीर। सामी उल्ला बट्ट, अवंतीपुरा, पुलवामा, जम्मू कश्मीर। विनोद शर्मा निवासी राजगढ़, सिरमौर, हिमाचल प्रदेश। तीसरे मुकदम में हरमिंदर सिंह बवेजा, पूर्व निदेशक उद्यान विभाग, उत्तराखंड। मीनाक्षी जोशी, तत्कालीन मुख्य उद्यान अधिकारी देहरादून, वर्तमान में डिप्टी डायरेक्टर वॉटर शेड मैनेजमेंट। अनिल रावत निवासी जीएमएस रोड देहरादून को आरोपी बनाया गया है।

# संदिग्ध हालात में पेड़ से लटका मिला आईटीबीपी के जवान का शव

लालकुआं। गौला रेंज के जंगल में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पेड़ पर लटका देख वनकर्मियों ने सूचना लालकुआं कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का उतारा। मृतक की शिनाख्त आईटीबीपी के 34वी वाहिनी के जवान के रूप में हुई। गुरुवार दोपहर को वन कर्मियों ने हल्दूचौड़ दौलिया के गांव के पास हिरण बाबा मंदिर के पीछे एक पेड़ की टहनी पर युवक का शव लटका देखा। सूचना पर पहुंचे लालकुआं कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरेंद्र सिंह नेगी और अन्य पुलिस कर्मियों ने शव को उतार कर लोगों से जानकारी ली। इस दौरान मृतक की शिनाख्त आईटीबीपी जवान चंदन कुमार (32) पुत्र किशन राम मूल निवासी गणाई गंगोली जिला पिथौरागढ़ के रूप में हुई। बताया गया कि चंदन कुमार 34 वी वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल कैंप हल्दूचौड़ में तैनात था। पुलिस ने आईटीबीपी की बटालियन को घटना की सूचना दे दी है। एसएसआई हरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि चंदन कुमार एक वर्ष पूर्व आईटीबीपी की स्थानीय बटालियन में स्थानांतरित होकर आया था। बताया कि जवान वर्तमान में बिंदुखत्ता विकासपुरी नंबर दो में किराये के मकान में परिवार के साथ रहता था। जवान की पत्नी दो छोटे बच्चों के साथ मायके गई हैं। समाचार लिखे जाने तक आईटीबीपी के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे थे। एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि आईटीबीपी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगे की जांच लालकुआं पुलिस करेगी।

# उपचुनाव में बीजेपी और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर होने के आसार

## गोदियाल पर फिर दांव खेल सकती है कांग्रेस!

देहरादून(उद संवाददाता)। उपचुनावों को लेकर प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है वहीं दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव के अब कांग्रेस से लेकर बीजेपी तक मंगलौर और बद्रीनाथ सीट पर उपचुनाव में जीतने के लिए मजबूत रणनीति तैयार कर रही है। इसी बीच दोनों पार्टियों के दमदार प्रत्याशी कौन होंगे इसको लेकर चर्चाएं हो रही हैं। हांलाकि एक बार फिर भाजपा ने कांग्रेस से पहले ही अपने दिग्गज प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। बात करें बद्रीनाथ सीट की तो यहां से बीजेपी ने अपने उम्मीदवार पूर्व विधायक राजेंद्र भंडारी पर बड़ा सियासी दांव खेल दिया है। वहीं अब कांग्रेस के उम्मीदवार की घोषणा के इंतजार के बीच कांग्रेस के फायरब्रांड नेता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का नाम एक बार फिर चर्चाओं में चल रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि अगर कांग्रेस बद्रीनाथ विधानसभा सीट से गणेश गोदियाल पर दांव खेलती है तो वह कांग्रेस के लिए तुरूप के इक्का भी साबित हो सकते हैं। इस तरह



बद्रीनाथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस गढ़वाल संसदीय सीट पर हुई हार का हिसाब बराबर कर सकती है। ऐसा इसलिए माना जा रहा है क्योंकि गणेश गोदियाल को बद्रीनाथ उपचुनाव में कांग्रेस द्वारा मैदान में उतारने की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि अभी नाम की घोषणा नहीं हुई है लेकिन जिताऊ प्रत्याशी तलाशने के लिए जिन नामों की चर्चा हो रही है उनमें गणेश गोदियाल का नाम सबसे ऊपर है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के अनुसार उपचुनाव के लिए कई उम्मीदवार दावेदारी कर रहे हैं। उम्मीदवारों के लिए हाईकमान को नाम का जल्द पैनल भेजा जायेगा। गणेश गोदियाल ने भले ही उपचुनाव लड़ने की संभावना से इंकार कर दिया है लेकिन पार्टी के अंदर एक बड़ा वर्ग उन्हें बद्रीनाथ से मैदान में उतारने की हिमायत कर रहा है। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक मंगलौर हो या बद्रीनाथ सीट दोनों पर पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन कुछ नामों को लेकर चर्चाओं के बाजार गर्म हैं। बात करें मंगलौर सीट की तो यहां से कांग्रेस के टिकट से पूर्व विधायक और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन का चुनाव लड़ना लगभग तय है। बस उनके नाम की घोषणा होना बाकी है। इस सीट पर वो सबसे दमदार प्रत्याशी हैं। साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में वो मात्रा साढ़े पांच सौ वोटों के अंतर से हार गए थे। कांग्रेस में दोनों सीटों से किसे प्रत्याशी बनाया जाएगा इसको लेकर मंथन चल रहा है जल्द ही नामों का पैनल हाईकमान को भेजा जाएगा। जिसके बाद नामों का ऐलान हो जाएगा।

## बद्रीनाथ की जनता देगी राजेंद्र भंडारी का साथ?

देहरादून। बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव में मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस के बीच ही होने के आसार नजर आ रहे हैं। हालांकि अभी कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार के नाम का ऐलान होना बाकी है। लेकिन माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के समय जिस तरीके से राजेंद्र भंडारी ने अपनी विधायकी को दांव पर लगा दिया और उसकी वजह से उपचुनाव हो रहा है तो बीजेपी ने उन्हीं को उम्मीदवार बनाया है। लेकिन सवाल ये उठता है कि जिस तरीके से राजेंद्र भंडारी के बीजेपी में शामिल होने के बाद बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर भाजपा के कुछ कार्यकर्ता नाराज बताए जा रहे हैं। वहीं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में इस बात को लेकर आक्रोश है कि जब कांग्रेस पार्टी को राजेंद्र भंडारी की जरूरत लोकसभा चुनाव में थी तो ऐसे समय उन्होंने पाला बदल लिया। ये आक्रोश कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में इस तरीके से उभर कर बाहर आया है कि राजेंद्र भंडारी लोकसभा चुनाव में अपने ही बूथ पर बीजेपी को बढ़त नहीं दिल पाए। इसके साथ ही उनके आसपास के



कई बूथ पर भी भाजपा कांग्रेस से पीछे रह गई। राजेंद्र भंडारी के बूथ पर भाजपा के उम्मीदवार अनिल बलूनी जो कि सांसद भी बन गए उनको राजेंद्र भंडारी के बूथ पर 100 वोट पड़े जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार गणेश गोदियाल जो चुनाव हार गए उन्हें 109 वोट पड़े। हालांकि अनिल बलूनी को बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर 32,854 वोट हासिल हुए। जबकि गणेश गोदियाल को 23 हजार 600 वोट हासिल हुए। उम्मीद की जा रही थी कि बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर जब राजेंद्र भण्डारी के बीजेपी में आने से मुकाबला एकतरफा इस सीट पर लोकसभा चुनाव में होगा। क्योंकि इस सीट से जो दो दिग्गज नेता यहां से विधायक बनाते आए हैं। उनमें से एक महेंद्र भट्ट जो कि भारतीय जनता पार्टी के भी अध्यक्ष हैं और दूसरे राजेंद्र भंडारी हैं। भंडारी के बीजेपी में शामिल होने के बाद लग रहा था की दोनों नेताओं की मेहनत पार्टी को एक तरफा जीत दिलाएगी। लेकिन लोकसभा चुनाव में इस सीट पर अनिल बलूनी 8254 वोट से आगे रहे। जो ये बताने के लिए काफी है कि मुकाबला उपचुनाव में एकतरफा होने वाला नहीं है। साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव की बात करें तो 32,661 वोट राजेंद्र भंडारी को हासिल हुए थे। जबकि 30,595 वोट महेंद्र भट्ट को हासिल हुए थे। यानी जीत का अंतर काफी कम था। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में राजेंद्र भण्डारी अपना बूथ हार गए उस से कई सवाल उठ रहे हैं। हालांकि भाजपा बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर बड़े अंतर के साथ जीतने का दावा कर रही है।

# अल्मोड़ा में जंगल की आग बनी काल: आग बुझाने गये तीन फायर वाचरों व एक पीआरडी जवान की जलकर मौत

## बिंसर अभ्यारण के जंगल में वनाग्नि की चपेट में आया फायर वाचरों का दल, चार घायलों को हल्द्वानी रैफर किया
## सीएम धामी ने हृदयविदारक घटना पर जताया दुख, मृतकों के परिजनों दस लाख रूपये मुआवजा देने के निर्देश दिए

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा जिले में वनाग्नि की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। गुरुवार को जिले में स्थित बिंसर अभ्यारण के जंगल में भीषण आग लग गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन जंगल की आग इतनी भयानक थी आग बुझाने का काम शुरू करने से पहले ही आग बुझाने के लिए गई टीम इसकी चपेट में आ गई। जंगल की आग की लपटों ने टीम में शामिल फायर वाचरों और पीआरडी जवान को चारों ओर से घेर लिया। वनाग्नि की इस घटना में चार फायर वाचरों और पीआरडी के जवान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि चार गंभीर रूप से झुलस गए। गंभीर रूप से झुलसे कर्मचारियों प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि दो श्रमिकों को दिल्ली रेफर किया जायेगा। गुरुवार को अल्मोड़ा जिले में स्थित बिंसर अभ्यारण के जंगल में अज्ञात लोगों द्वारा आग लगा दी गई। आग लगने की सूचना वन विभाग की टीम को मिली और वह आग बुझाने के लिए मौके की ओर रवाना हुई। मौके पर पहुंचने के बाद फायर वाचर और पीआरडी के जवान आग बुझाने की



रणनीति बना ही रहे थे कि जंगल की आग ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया। फायर वाचरों और पीआरडी के जवानों ने आग से बचने की काफी कोशिश की। लेकिन वह आग की लपटों से अपने आप को बचा नहीं पाए। वनाग्नि की इस घटना में आग बुझाने गए वन बीट अधिकारी बिंसर रेंज त्रिलोक सिंह मेहता 40 पुत्र नारायण सिंह निवासी उडलगांव बाड़ेछीना दैनिक श्रमिक दीवान राम 35 पुत्र पदी राम निवासी ग्राम सौड़ाए कपड़खानए फायर वाचर करन आर्या 21 साल पुत्र बिशन राम निवासी कफड़खान और पीआरडी जवान पूरन सिंह 50 साल पुत्र दीवान सिंह निवासी ग्राम कलौन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि फायर वाचर कृष्ण कुमार 21 पुत्र नारायण राम निवासी ग्राम भेटुलीए पीआरडी जवान कुंदन सिंह नेगी 44 पुत्र प्रताप नेगी निवासी ग्राम खांखरी वाहन चालक भगवत सिंह भोज 38 पुत्र बची सिंह निवासी ग्राम भेटुली दैनिक श्रमिक कैलाश भट्ट 54 पुत्र बद्रीदत्त भट्ट निवासी ग्राम धनेली अल्मोड़ा गंभीर रूप से झुलस गए। वन विभाग के अधिकारियों को टीम के जंगल में फंसे होने की जानकारी मिली तो वन क्षेत्राधिकारी मनोज सनवाल और अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर चार कर्मचारियों को जंगल की आग के बीच से बाहर निकाल कर उपचार के लिए बेस अस्पताल अल्मोड़ा लेकर आए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने कृष्ण कुमार और कुंदन नेगी को हल्द्वानी के एसटीएच रेफर कर दिया। बेस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि हादसे में दो कर्मचारी पचास प्रतिशत से अधिक जल गए हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जबकि दो का बेस अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। हादसे की सूचना के बाद से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बिंसर वन्यजीव विहार में वनाग्नि से चार वनकर्मियों की मौत पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने इस घटना में झुलसे चार अन्य वनकर्मियों को तत्काल हल्द्वानी बेस अस्पताल में एयरलिफ्ट किए जाने के निर्देश दिए हैं। सीएम धामी ने कहा कि यह घटना बेहद हृदयविदारक है और इस दुख की इस घड़ी में पूरी उत्तराखंड सरकार वनकर्मियों के परिजनों के साथ खड़ी है। उन्होंने गंभीर घायलों को आवश्यकतानुसार उपचार के लिए हल्द्वानी से एम्स ऋषिकेश एयरलिफ्ट करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ.साथ मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजे की आथिक धनराशि दिए जाने के निर्देश दिए है।





## अग्निकांड में कर्मचारियों की गाड़ी भी जलकर हुई राख

अल्मोड़ा। बिनसर अभयारण्य स्थित गैराड़ के जंगल में आग बुझाने के दौरान वनाग्नि की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में वन विभाग के स्थाई, अस्थाई कर्मचारी और पीआरडी जवान शामिल हैं। कर्मचारी आग लगने की सूचना के बाद उसे रोकने जंगल पहुंचे थे। घटना के बाद स्वजन में कोहराम मचा हुआ है। गुरुवार की दोपहर वन विभाग के कर्मचारियों को बिनसर अभयारण्य स्थित गैराड़ बुरुश कुटिया के पास जंगल में आग लगने की सूचना मिली। जिसके बाद वन विभाग के कर्मी विभागीय बोलेरो गाड़ी यूके 01-जीए-0124 से घटनास्थल पर पहुंचे। कर्मी जंगल की आग बुझाने मौके पर गए। लेकिन आग बुझाने से पहले ही कर्मचारी आग की भयंकर लपटों में घिर गए और बुरी तरह झुलस गए। आग में झुलसने से चार वन कर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चार कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आपातकालीन सेवा 108 की मदद से बेस चिकित्सालय लाया गया। जहां उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल कृष्ण कुमार और कुंदन सिंह को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। वहीं आग की चपेट में वाहन भी जलकर खाक हो गया। सूचना के बाद वन विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। इधर, डीएफओ सिविल सोयम ध्रुव मर्तोलिया ने बताया कि दावानल में चार की मौत हो गई है, चार लोग गंभीर रूप से घायल है। मृतकों में दीवान राम उम्र 35 फारेस्ट गार्ड, निवासी भेटूली करन आर्या, उम्र 21 फायर वाचर, निवासी भेटूली त्रिलोक मेहता 56 फारेस्ट गार्ड, निवासी बाड़ेछीना पूरन मेहरा 52 पीआरडी जवान, निवासी कलौन शामिल है।

## एनडीआरएफ कैंपस में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

गदरपुर (उद संवाददाता)। यहां स्थित 15वीं वाहिनी एनडीआरएफ एवं जेसीआई, रुद्रपुर क्वींस (महिला विंग) द्वारा की गई। इस दौरान एनडीआरएफ के पदाधिकारियों, परिवारजनों एवं जेसीआई, रुद्रपुर क्वींस (महिला विंग) द्वारा सदस्य संजू जैन एवं दिप्ती सलूजा द्वारा रक्तदान करने पर सभी का धन्यवाद प्रकट किया गया। जेसीआई, रुद्रपुर उपस्थित समस्त पदाधिकारियों एवं उनके परिवारजनों को रक्तदान दिवस व इसके महत्व के प्रति जागरूक भी किया गया।




द्वारा एनडीआरएफ वाहिनी कैम्प परिसर में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कमाण्डेंट सुदेश कुमार बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया। शिविर में 15वीं वाहिनी एनडीआरएफ, श्रीमति मंजु बाला दराल, रुद्रपूर क्वींस (महिला विंग) की अध्यक्षा श्रीमती अनुराधा जैन, क्वींस (महिला विंग) द्वारा इस अवसर पर रक्तदाताओं को स्वास्थ्य वर्धक फलों का वितरण भी किया गया। रक्तदान शिविर के सफल समापन पर कमान्डेटं सुदेश कुमार द्वारा जेसीआई. रूद्रपुर क्वींस (महिला विंग) के प्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया। साथ ही शिविर में इस अवसर पर 15वीं वाहिनी के श्री रोहिताश्व मिश्रा, उप सेनानी, श्री सुनिल कुमार, सहासेनानी, श्री राजु एस. धपोला, सहा सेनानी, श्री भूपेन्द्र कोटनाला, सहासेनानी, डॉ विदूशी सहगल, चिकित्साधिकारी एवं नारायणा अस्पताल के डॉ प्रदीप अदलखा भी उपस्थित रहें।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाय नमो नमस्ते ।।
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि



समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

## पत्रकार राजीव अग्रवाल की माता जी के निधन पर शोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रामनगर के वरिष्ठ पत्रकार राजीव अग्रवाल मोनू की माताजी के निधन पर रूद्रपुर प्रेस क्लब एवं पत्रकार प्रेस परिषद से जुड़े पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है। गौरतलब है कि बीते दिनों रामनगर के वरिष्ठ पत्रकार राजीव अग्रवाल की माताजी श्रीमति सावित्री देवी का आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन पर रूद्रपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष केवल कृष्ण बतरा, महामंत्री परमपाल सुखीजा, कोषाध्यक्ष विजय सुखीजा के अलावा पत्रकार मुकेश गुप्ता, जगदीश चन्द्र, प्रमोद धींगड़ा, चेतन बतरा, सुरेन्द्र गिरधर, सुरेन्द्र तनेजा, दीपक कुकरेजा, देवेन्द्र शर्मा, ललित शर्मा, ललित राठौर, पत्रकार प्रेस परिषद के कुमाऊ मण्डल अध्यक्ष अशोक गुलाटी सहित तमाम पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## बकरीद का पर्व 17 जून को तैयारियों में जुटा मुस्लिम समाज

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। ईदुल अजहा यानी बकरीद की तैयारी हो चुकी है। इस बार यह पर्व 17 जून को मनाया जाएगा। बकरीद का पर्व यूं तो कुर्बानी के लिए जाना जाता है लेकिन इस पर्व पर भी ईद की तरह उम्दा पकवान संबंधी सामग्री जैसे सेवई, मेवा, कपड़े, चप्पल आदि सामानों की खूब खरीददारी होती है। बाजार में इन दिनों बकरीद को लेकर खरीददारी शुरू हो गई है। घरों की साफ सफाई समेत ईदगाहों की सफाई का काम भी शुरू है। बाजारों में खरीददारी के अलावा मुस्लिम समाज के लोग कुर्बानी के बकरों की तलाश में भी जुट गए हैं जिनके घर कुर्बानी के बकरे पाल कर रखे गए हैं उन बकरों की खूब खातिरदारी हो रही है। यहां लाइन नंबर आठ में बकरों का बाजार लगना भी शुरू हो गया है। बकरों की कीमत ज्यादा होने के कारण कुछ लोग सस्ते और अच्छे बकरों की तलाश में दूर दराज की भी दौड़ लगा रहे हैं। बकरीद को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजारों में भी खरीददारी के लिए दुकानों में सजावट के साथ बकरीद पर्व की तैयारियां जोर शोर से शुरू हो गई है।

# कतारबद्ध होकर दर्शन करेंगे श्रद्धालु :डीआईजी

## कैंची मेले की तैयारियों को लेकर डीआईजी एवं एसएसपी ने किया ब्रीफ मेले में यातायात और सुरक्षा व्यवस्था हेतु भारी पुलिस बल तैनात रहेगा

नैनीताल(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में 15 जून को विश्व प्रसिद्व बाबा नीम करौली के आश्रम कैची धाम स्थापना दिवस महोत्सव के भव्य आयोजन की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। जनपद में पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारियों ने यातायत और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए व्यपाक रणनीति तैयार की है। गुरूवार को कैंची महोत्सव के सफल आयोजन और सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस उपमहानिरीक्षक कुमार्यू परिक्षेत्र डॉ. योगेन्द्र सिंह रावत एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रहलाद नारायण मीणा ने मेले में तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस लाइन नैनीताल में ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पुलिस उपमहा निरीक्षक द्वारा पुलिस बल को मेले के दौरान की गयी सुरक्षा व्यवस्था से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारी और कर्मचारियों को मेले में भीड़ नियंत्रण हेतु महत्वपूर्ण उपायों से अवगत कराते हुए विशेषकर बुजुर्गो ,बच्चों व दिव्यांजनों के लिए विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। विगत वर्षों की भांति इस बार भी कैंची धाम मंदिर में बाबा नीम करोली महाराज के दर्शनार्थ आगंतुक श्रद्धालुओ की संख्या अधिक रहेगी। अत: कैची मेला ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मियों को सुगम यातायात हेतु निर्धारित यातायात प्लान के अनुसार ट्रैफिक डायवर्जन कराना है तथा कैची धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से दर्शन करवाना पुलिस की प्राथमिकता रहेगी। एसएसपी नैनीताल द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बताया कि मेले के दौरान यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस ने विशेष रूट डायवर्जन और पार्किंग की व्यवस्थाएं की हैं। यातायात व्यवस्था हेतु भारी पुलिस बल तैनात है, जो वाहनों की दिशा और प्रवाह को नियंत्रित करेंगी, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पुलिस कर्मी श्रृद्वालुओं को भली- भॉति यातायात व्यवस्था से अवगत करायेगें। पुलिस कर्मियों को किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहने हेतु कहा गया। सभी से मृदु व्यवहार, सेवा भाव एवं कर्तव्यनिष्ठता के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये ताकि श्रद्धालु और पर्यटक बिना किसी कठिनाई के बाबा जी के दर्शन/ मेले का आनंद ले सकें। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाए तथा मन्दिर परिसर एवं मेले के दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी दृष्टि रखी जाए। कैची धाम मेले की विशालता और भीड़ को देखते हुए, सुरक्षा व्यवस्था को अलग-अलग सुपर जोन, जोन, सेक्टर में विभाजित किया गया है। भारी मात्रा में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है, बैरियर, पार्किग, मोबाईल पार्टी, फायर यूनिट, संचार व्यवस्था आदि की व्यवस्था की गयी है। जो मेले के विभिन्न क्षेत्रों में सतर्कता और निगरानी बनाए रखेगें। ताकि किसी भी अप्रिय घटना को तुरंत रोका जा सके। कैंची मंदिर परिसर की संपूर्ण पुलिस व्यवस्थाओं के प्रभारी श्री प्रकाश चंद्र, अपर पुलिस अधीक्षक नगर हल्द्वानी को सौंपी गई है एवं समस्त पार्किंग व्यवस्था सटल व्यवस्था रूट व्यवस्था एवं डाइवर्जन व्यवस्था के प्रभारी श्री हरबंस सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात नैनीताल को दी गई है। इसके अतिरिक्त कैंची मेला ड्यूटी के कुशल संपादन' में अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी गणों को जोन एवं निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी गणों को सेक्टर प्रभारी नियुक्त किया गया है। कैंची मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था एवं सकुशल यातायात व्यवस्था हेतु राजपत्रित अधिकारी सहित, निरीक्षक, उप निरीक्षक, अपर उप निरीक्षक, हेड कांस्टेबल एवं सैकड़ों की संख्या पुलिस कर्मचारी को नियुक्त किया गया है। साथ ही सादे वस्त्रों मे एलआईयू, डॉग स्क्वाड, बम डिस्पोजल एवं एसओजी की टीम को संपूर्ण मेला परिसर के चप्पे-चप्पे पर निगरानीरत रहेगी। संपूर्ण कैंची मेला परिसर में कम्युनिकेशन हेतु जनपद की पुलिस संचार शाखा के अधिकारी/कर्मचारीगण दूरसंचार की संपूर्ण व्यवस्थाओं के साथ अलर्ट मोड रहने हेतु निर्देशित किया गया है। ब्रीफिंग के दौरान प्रकाश चंद्र अपर पुलिस अधीक्षक नगर हल्द्वानी, हरबंस सिंह अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात नैनीताल, नितिन लोहनी क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी सहित कैंची मेला ड्यूटी में नियुक्त समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।










# कैंची धाम के वार्षिकोत्सव पर रितेश मनोचा का भजन रिलीज

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विश्व विख्यात कैंची धाम के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में मशहूर भजन गायक रितेश मनोचा का एक और भजन रिलीज हुआ है, जिसमें उन्होंने कैंची धाम और बाबा नीम करोली महाराज की महिमा का गुणगान किया है। बता दें 15 जून को हर वर्ष कैंची धाम का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस मौके पर देश विदेश से लाखों श्रद्धालु कैंची धाम में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। वार्षिकोत्सव की तैयारियां कई दिन पहले ही शुरू हो जाती है।कैंची धाम के वार्षिकोत्सव को खास बनाने के लिए रूद्रपुर के मशहूर भजन गायक रितेश मनोचा ने कैंची धाम की महिमा पर आधारित विशेष भजन रिलीज किया है। उनके द्वारा गाया गया भजन 'नीम करोली बाबा तेरा पावन कैंची धाम' यू ट्यूब पर खूब धूम मचा रहा है। दो दिन में ही इस भजन को सुनने वालों की संख्या हजारों में पहुंच चुकी है। अंबे भक्ति के माध्यम से रिलीज हुए इस भजन को मशहूर भजन लेखकर कुंदन अकेला ने लिखा है जबकि संगीत निदेशन लवली शर्मा ने किया है। पिछले साल भी रितेश मनोचा ने कैंची धाम के वार्षिकोत्सव पर भजन रिलीज किया था।



# अनहद ग्रुप ने आयोजित किया विशाल रक्तदान शिविर

## लवली हुड़िया के जन्म दिन पर विभिन्न समाजिक क्षेत्र के लोगों ने रक्तदान कर दी शुभकामनाएं

गदरपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र की प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्था अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अनहद ग्रुप के एम डी लवली हुड़िया के जन्मदिन के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर का शुभारंभ अनहद ग्रुप के एम डी राहुल हुड़िया (जुगनू) ,प्लांट हेड नरेश अरोरा एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ विप्रजीत विश्वास (सोनू) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी सम्मानित लोगों ने एमडी लवली हुड़िया के उज्ज्वल भविष्य स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु की कामना करते हुए रक्तदान किया।रक्तदान शिविर में काशीपुर एल डी भट्ट ब्लड बैंक के डॉक्टर टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया गया।इतना ही नही लवली हुड़िया को क्षेत्र के सामाजिक राजनैतिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा भी सोशल मीडिया के माध्यम से हजारों शुभकामनाएं दी गई। जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे द्वारा सोशल मीडिया एवं दूरभाष के माध्यम से लवली हुड़िया को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई।साथ ही जय भवानी जागरण मंडल के अध्यक्ष सोमनाथ छाबड़ा,पूर्व पालिकाध्यक्षा अंजु भुड्डी,डिम्पल आहूजा,गौरव मदान, विशाल रस्तौगी, अभिमन्यु ढिंगडा सहित सैकड़ों लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से जन्मदिन की शुभकामनाए दी। इस दौरान राहुल हुड़िया, अमन बत्रा, विजय छाबड़ा, मोहित बठला,नरेश अरोरा, शिव शर्मा, मनीष टम्टा,बृजेश गुप्ता, नंदू,पवन, धीरज, सुरेश कम्बोज,सोनू राजपूत, विशाल सिंह, योगेश, शगुन बत्रा, शीतल, शेखर,बिशन,गुड्डू गुप्ता, विशाल सैनी,अंजली, लखविंदर सिंह, राजकुमार, किशन सहित डॉ टीम में डॉ अक्षिता अग्रवाल,डॉ हतेष्म, किशोर भंडारी सतीश ठाकुर, लवकुश, लोकेश, राहुल, प्रशांत रावत, कपिल सागर, प्रभाकर सिंह रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ सोनू विश्वास, दीपंकर मंडल, विकास सरकार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।













# गांधी पार्क को आकर्षक और सुन्दर बनाने के निर्देश

## कमिश्नर ने ली अधिकारियों की बैठक, स्वीकृत प्रस्तावों की समीक्षा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मण्डलायुक्त कुमांऊ एवं अध्यक्ष जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण दीपक रावत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की 18वीं बोर्ड बैठक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में 17वीं बोर्ड बैठक में स्वीकृत प्रस्तावों की कार्यप्रगति की समीक्षा भी की गई। बोर्ड बैठक में प्राधि करण के वर्तमान कार्य क्षेत्र तथा योजनाओं के और अधिक प्रभावी ढंग से संचालन हेतु जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। मण्डलायुक्त ने रूद्रपुर में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट निर्माण की स्वीकृति दी गई थी जिसमें महिला स्वच्छक ही तैनात होगी का शेष कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। प्रध ानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत ग्राम बागवाला तहसील रूद्रपुर में 1872 ई.डब्ल्यू.एस. भवनों के निर्माण कार्य को जल्द कराने के साथ ही वित्तीय भार की प्रतिपूर्ति हेतु अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिये। खटीमा-टनकपुर तिराहे से फायबर फैक्ट्री की ओर रोड पर लगी स्ट्रीट लाइटों के अनुरक्षण, रूद्रपुर काशीपुर महायोजना (2041),आदि की स्वीकृति दी गयी। उन्होंने प्राप्त प्रस्तावों के प्रतिनिधियों से बात करते हुए विभिन्न प्रकार की भूमि की उपयोगिता के आधार पर नियमावली व जनहित को देखते हुए परिवर्तन करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य को समयबद्धता एवं गुणवत्ता से पूरा कराने के निर्देश प्राधिकरण के अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि गांधी पार्क का सौन्दर्यीकरण करते हुए पार्क को आकर्षक एवं सुन्दर बनाया जाये व बडी भूमिगत पार्किंग की व्यवस्था कराने के निर्देश भी दिए ताकि शहर में जाम की स्थिति बनने से बचा जा सके। उन्होने कालोनियों में छोटे-छोटे पार्क व ओपन जिम बनाने के निर्देश भी प्राधिकरण व नगर निगम को दिए। इस दौरान जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि सॉलिड वेस्ट की जिम्मेदारी नगर निगम की है



जिसके लिए कूडा निस्तारण केन्द्र अलग से बनाया गया है उसे सुचारू रूप से चलाने के लिए वित्तीय सहायता की मांग नगर निगम द्वारा की गई है। उन्होंने रूद्रपुर व किच्छा के लिए एक ही मास्टर प्लान बनाने का प्रस्ताव रखा। जिसपर समिति ने सहमति प्रदान कर दी। उन्होने कहा प्राधिकरण में श्रमशक्ति व विशेषज्ञों की कमी है जिसके लिए मुख्य अभियंता, अधि. अभियंता, सहायक अभियंता आदि की नियुक्ति किये जाने का प्रस्ताव अध्यक्ष के सम्मुख रखा। जिसपर मण्डलायुक्त ने प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित करने के निर्देश प्राधिकरण के अधिकारियों को दिये। बैठक के उपरांत जल उत्सव ''जल संरक्षण अभियान-2024'' के अन्तर्गत मण्डलायुक्त ने कलैक्ट्रेट परिसर में पाकड़ का पौधारोपण भी किया गया। बैठक में जिलाधिकारी उदय राज सिंह, उपाध्यक्ष जिला स्तरीय विकास प्राधि करण अभिषेक रूहेला, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, सचिव जिला स्तरीय विकास प्रांधिकरण पंकज उपाध्याय, मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ल, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, उप नगर आयुक्त रूद्रपुर शिप्रा जोशी, अधीक्षण अभियंता पेयजल मृदुला सिंह आदि उपस्थित थे।

## मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर मुस्लिम महिलाओं ने जताई खुशी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।देश में एनडीए की सरकार बनने और नरेंद्र मोदी के तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की पूर्व प्रदेश मंत्री फरजाना बेगम के नेतृत्व में मुस्लिम समाज की महिलाओं ने मिठाई



वितरण कर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान फरजाना बेगम ने कहा कि पीएम मोदी का नारा सब का साथ सब का विकास पूरे देश में चला।जिसकी बदौलत ही तीसरी बार केन्द्र में एनडीए की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में तीसरी बार मोदी के नेतृत्व की सरकार बनने से देश का तेजी से विकास होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में यूसीसी लागू करके धामी सरकार ने मुस्लिम महिलाओं के हित में बड़ा कदम उठाया है।

## कुख्यात गैंगस्टर चरस तस्कर सहित छह बदमाश गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत नाम जद नशा तस्कर वीरेंद्र सिंह कोरंगा पुत्र जगत सिंह कोरंगा निवास शांति नगर बिंदु खत्ता थाना लाल कुआं, नरेंद्र सिंह कोरंगा पुत्र जगत सिंह गंगा निवासी शांति नगर थाना लाल कुआं, मेजर सिंह मैनेज सिंह पुत्र निवासी टुकड़ी थाना नानकमत्ता जिला उधम सिंह नगर, ग्राम टुकड़ी थाना नानकमत्ता जिला उधम सिंह नगर सिंह निवासी मंगल लेख थाना पाटी जिला चंपावत को चिन्हित किया गया था जिनके विरुद्ध गैंगस्टर तथा एनडीपीएस के दर्जनों मुकदमे दर्ज है। इसी के क्रम में पुलभट्टा थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह बिष्ट ने कार्यवाही करते हुए छिंदर सिंह उर्फ सुखविंदर सिंह पुत्र मेहर सिंह निवासी ग्राम टुकड़ी थाना



नानकमत्ता को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए एक वारंटी सहित पांच अन्य लोगों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना पुलभट्टा थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के तहत उपरोक्त नशा तस्करों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई के दौरान नानकमत्ता निवासी छिंदर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जो कि एक गैंग चलाता था तथा स्मैक और चरस की तस्करी करता था। इसके अलावा पुलिस द्वारा शांति भंग करने की कार्यवाही करते हुए रमेश सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम ध्यानपुर थाना नानकमत्ता जिला उधम सिंह नगर सुरेश सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी उपरोक्त अमरजीत सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह ग्राम डोला वन शह दौरा थाना पुलभट्टा,राजू सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम ध्यानपुर थाना नानकमत्ता के अलावा एक वारंटी को को भी गिरफ्तार किया है तथा सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को माननीय न्यायालय के सम्मुख पेश कर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक पंकज कुमार कांस्टेबल धर्मवीर कांस्टेबल इंद्रप्रकाश कांस्टेबल अभय कुमार कांस्टेबल अनिल कुमार मुख्य रूप से शामिल थे।

# किच्छा में अगले माह होंगे व्यापार मण्डल इकाई के चुनाव

## 15 जून से 30 जून तक चलाया जायेगा सदस्यता अभियान

किच्छा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल ने किच्छा नगर व्यापार मंडल के चुनाव की घोषणा कर दी है। नगर मंडल के चुनाव जुलाई के द्वितीय सप्ताह में संपन्न हो सकते हैं। इसके लिए चुनाव समिति ने कमर कस ली है। तथा परिसीमन का दायरा बढ़ाते हुए घोषणा की है कि जीएसटी धारक व्यापारी जो कि नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य मार्गों के लगता अपना व्यवसाय कर रहे हैं उनका भी व्यापार मंडल में रजिस्ट्रेशन करा कर सदस्य बनाया जाएगा। इसके अलावा गली मोहल्ले में व्यापार कर रहे व्यापारियों के लिए विचार विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा जो व्यापारी जीएसटी के दायरे में नहीं आते हैं उनके अभिलेख की जांच करते हुए व्यापार मंडल का सदस्य बनाकर वोट बनाए जाएंगे। चुनाव संचालन समिति के प्रवक्ता महादेव अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 जून से 30 जून तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। संभवत: 15 जुलाई तक चुनाव संपन्न कराए जा सकते हैं। सदस्यता अभियान के लिए एक फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा जिसकी कीमत दस रुपए होगी। फोटो स्टेट फॉर्म मान्य नहीं होंगे। प्रवक्ता द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि ब्यूटी पार्लर, हेयर सैलून, शराब की दुकान, प्रॉपर्टी डीलर, फुटकर मीट मछली विक्रेता डॉक्टर, स्कूल एडवोकेट को सदस्य नहीं बनाया जाएगा। सदस्यता अभियान में क्षेत्र का सीमांकन करते हुए महाराणा चौक से लेकर के पुरानी मंडी गोला पुल तक



हल्द्वानी बाईपास रोड तक, आदित्य चौक होते हुए अंबेडकर चौक तक, बरेली रोड पर मैडम के पेट्रोल पंप तक ही सदस्य बन सकेंगे। तथा इसके अलावा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत सीमांकन से बाहर हुए व्यापारी जिनका जीएसटी में रजिस्ट्रेशन है वह भी नगर व्यापार मंडल का सदस्य बनाया जाएगा। इसके अलावा नगर क्षेत्र अंतर्गत सभी व्यापारियों को सदस्यता दी जाएगी जिन व्यापारियों के नगर क्षेत्र के अंतर्गत जीएसटी रजिस्ट्रेशन नहीं है कौन व्यापारियों से एक आवेदन पत्र जिसमें 11 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे भरवारा जाएगा जिस पर चुनाव संचालन समिति की संतुष्टि होने के बाद सदस्य बना दिया जाएगा चुनाव समिति द्वारा फॉर्म फीस10 वीं सदस्यता शुल्क डेढ़ सौ रुपए रखी गई है। सदस्य बनने के लिए रजिस्ट्रेशन फार्म के नाम बैंक की पासबुक या फर्म का खाता तथा या बिजली का बिल होना अनिवार्य है। इसके अलावा सदस्य बनाए जाने वाले व्यक्ति के दो फोटो भी लगाई जाएगी यह संपूर्ण का आवेदन सदस्यता फॉर्म के साथ आवेदक को देने होंगे चुनाव संचालन समिति के प्रवक्ता महादेव अग्रवाल ने बताया कि चुनाव संचालन का काम मुख्य चुनाव अधिकारी सतपाल गाबा के नेतृत्व में संपन्न कराया जाएगा तथा चुनाव समिति के सदस्य ठाकुर अभय सिंह उर्फ रामबाबू, राजेंद्र अरोड़ा, प्रकाश गोयल, लियाकत अली अंसारी सहित 7 सदस्यों की समिति बनाई गई है। उन्होंने बताया कि सदस्यता फॉर्म लेने के लिए कोई कैंप नहीं लगाया जा रहा है।तीन स्थान निर्धारित किए गए हैं। जिनमें मुख्य बाजार में मधुर एंपोरियम, राजेंद्र अरोड़ा सुपर क्लॉथ हाउस पंत मार्केट, सतपाल बाबा व जय गोपाल मुरलीधर, सुनहरी मस्जिद के सामने महादेव अग्रवाल के यहां से प्राप्त करसकते हैं।

## नगर निगम प्रशासन ने रूकवाया अवैध निर्माण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम की टीम ने संजयनगर में हो रहे अवैध निर्माण को सख्ती दिखाते हुए रुकवा दिया।वार्ड 11 संजयनगर में डॉ. देव मंडल की ओर से नजूल भूमि को फ्रीहोल्ड कराए बिना निर्माण कराया जा रहा है। पांच जून को निगम की ओर से देव को नोटिस देकर अवैध निर्माण को रोकने के लिए कहा गया था लेकिन निर्माण नहीं रोका गया था। बृहस्पतिवार को नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। सहायक नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी ने डॉ. देव को दूसरा नोटिस जारी कर अवैध निर्माण ध्वस्त करने के लिए कहा है। चेताया कि अगर अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो नजूल नीति के प्रावधानों के तहत अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करते हुए भरपाई की जाएगी।

## नेशनल टॉरगेटबॉल प्रतियोगिता के लिए उत्तराखण्ड की टीम रवाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अलवर राजस्थान में आयोजित हो रही 11वीं सीनियर नेशनल टारगेटबॉल प्रतियोगिता (महिला एवं पुरुष वर्ग) में प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखंड से 29 सदस्यों का दल उत्तराखण्ड टारगेटबॉल संघ के संरक्षक अरविंद प्रकाश दुबे एवं सचिव प्रियंका सिंह के के नेतृत्व में विगत रात्रि रुद्रपुर रेलवे स्टेशन से रानीखेत एक्सप्रेस द्वारा अलवर राजस्थान के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर उत्तराखण्ड टारगेटबॉल संघ से विनय कुमार, धीरेंद्र सिंह, नवनीता सिंह समेत अन्य पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने टीम को विजयी होने की शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। 1 जून 2024 से लगातार 10 दिन तक एम. के. विद्यापीठ स्कूल, दिनेशपुर में चले विशेष प्रशिक्षण शिविर से चयनित होने के बाद उपरोक्त प्रतियोगिता में भेजे गए इस दल में पुरुष



वर्ग में 12 खिलाडी, महिला वर्ग में 12 खिलाड़ी, 1 महिला कोच, 1 पुरुष कोच, 1 मैनेजर एवं 2 रेफरी सम्मिलित हैं। पुरूष वर्ग में अनुज कुमार सिंह, उपेंद्र मंडल, रोहित अधिकारी, अमृत मंडल, जोगेश निषाद, प्रभजीत, आशीष व्यापारी, मोहित कुमार गोलदार, विवेक रंगवाल, नवल कन्याल, बॉबी सुयाल, हेम सिंह आदि शामिल हैं। जबकि महिला वर्ग में ज्योति टम्टा, नेहा बिष्ट, मनीषा विश्वास, ज्योति पाठक, मानषी फर्त्याल, ममता बिष्ट, भावना बिष्ट, शौर्यवी रावत, त्रिस्ना किर्तुनिया, प्रिंसी, तनुश्री, दीपशिखा बिष्ट आदि शामिल हैं। पुरूष वर्ग के कोच विशाल आर्या जबकि महिला वर्ग की कोच नंदिनी कोरंगा हैं। टीम मैनेजर पियूष ढाल, और रेफरी -दीपक पाण्डे, पंकज प्रजापति को शामिल किया गया है।

## अधिक से अधिक व्यापारी लें व्यापार मण्डल की सदस्यता: अग्रवाल

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर व्यापार मंडल चुनाव समिति के प्रवक्ता महादेव अग्रवाल ने नगर के समस्त व्यापारियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में नगर व्यापार मंडल के सदस्य बने तथा नगर व्यापार मंडल के चुनाव हेतु मतदान



अवश्य करें। उन्होंने कहा कि नगर के सभी व्यापारी अफवाहों से सावधान रहें क्योंकि नगर व्यापार मंडल चुनाव समिति द्वारा कोई भी कैंप नहीं लगाया जा रहा है और ना ही अभी कैंप लगाए जाने की कोई कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी व्यापारी निर्धारित स्थान से सदस्यता फॉर्म लेकर उसमें दर्ज सभी कागजों की पूर्ति करते हुए अपना फार्म जमा कराएं तथा जिस किसी को कोई भी असुविधा हो तो वह चुनाव संचालन समिति से सीधे जाकर वार्ता कर सकता है तथा अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकता है उन्होंने कहा कि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा चुनाव संपन्न कराने की प्रक्रिया व्यापारियों के लिए ही है इसमें व्यापारियों का सहयोग नितान्त आवश्यक है। व्यापारियों द्वारा किए गए सहयोग से ही व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का गठन किया जाता है जो कि समस्त व्यापारियों के लिए कार्य करती है। इसलिए सभी व्यापारियों से निवेदन है कि निर्धारित प्रारूप में अपनी संपूर्ण जानकारी भरकर वह आवश्यक दस्तवेजों सहित फॉर्म फीस और सदस्यता शुल्क सहित निर्धारित स्थान पर जमा करा कर रसीद प्राप्त कर लें।

उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# भारतीय मजदूरों की मौत

कुवैत के मंगफ क्षेत्र में अग्निकांड के बाद खाड़ी देशों में काम कर रहे भारतीय मजदूरों की बदहाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मध्य पूर्व के इस देश में रोजगार की तलाश में गए 40 से अधिक भारतीय मजदूरों की मौत की घटना स्तब्ध करने वाली है। अग्निकांड के बाद भारत एवं कुवैत सरकार की तमाम एजंसियां सक्रिय हो गई हैं, लेकिन यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि वहां मजदूरों की जीवन दशा बेहद खराब है और इस बारे में अक्सर सवाल उठते रहे हैं, जिन्हें अनसुना किया जाता रहा है।विदेश मंत्रालय के आंकड़े हैं कि खाड़ी देशों में स्थित भारतीय दूतावासों में मजदूरों की 48095 शिकायतें मिलीं, जिनमें सबसे ज्यादा कुवैत में ही 23020 शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों पर क्या कदम उठाए गए, इस बारे में तथ्य उपलब्ध नहीं हैं। यह साफ है कि कुवैत में मजदूरों के लिए हालात अच्छे नहीं हैं। वहां पर खराब स्थिति और कम संसाधनों के बीच उन्हें रहने को मजबूर किया जाता है। जबकि, कुवैत की अर्थव्यवस्था जो इस समय आगे बढ़ रही है, उसमें भारतीयों की भूमिका सबसे ज्यादा है।आरोप तो यहां तक लगते हैं कि कुवैत के स्थानीय लोग भारतीय मजदूरों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते। नियोक्ता तय वेतन से कम भुगतान करते हैं। सुविधाएं ना के बराबर हैं। एक-एक कमरे में 15 से 20 मजदूरों को ठूंस कर रखा जाता है। मंगफ क्षेत्र की जिस इमारत में आग लगी, उसकी सुरक्षा और सरकारी प्राधिकारों की अनुमति को लेकर भी सवाल उठे हैं। वहां जांच बिठा दी गई है। लेकिन अहम सवाल यह है कि व्यवस्था में सुधार को लेकर कोई पहल पहले क्यों नहीं दिखी। सवाल यह भी उठता है कि बदहाली के बावजूद कुवैत समेत खाड़ी देशों में मजदूरों की संख्या क्यों बढ़ रही है। एक रपट के मुताबिक, एक भारतीय मजदूर वहां चालीस से पचास हजार रुपए हर महीने कमा लेता है। जाहिर है, कुवैत में ज्यादा कमाई का लालच तो है ही। विदेश मंत्रालय के मुताबिक वर्ष 1990-91 के खाड़ी युद्ध में कुवैत में भारतीय समुदाय पर बड़ा प्रभाव पड़ा। भारतीयों का बड़े पैमाने पर पलायन हुआ। 1.7 लाख से ज्यादा भारतीयों ने देश छोड़ा। लेकिन इसके बाद ज्यादा कमाई के लालच में वहां संख्या बढ़ी। साथ ही, वहां की कंपनियों का सस्ते श्रम का लालच भी बढ़ा। कुवैत में कई बार दुर्व्यवहार और धोखाधड़ी के मामले आए हैं। शोषण की शिकायतें इतनी ज्यादा मिलने लगी हैं कि भारतीय दूतावास में एक शिकायत निपटान केंद्र खोलना पड़ा। वहां अधिकतर मजदूर केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार से जाते हैं और उनके अनुभव आमतौर पर ठीक नहीं होते। मंगफ हादसे में मरे मजदूरों के बारे में ऐसी भी जानकारियां सामने आई हैं कि उनमें से कई को पर्यटक वीजा पर ले जाया गया। अब कुवैत सरकार ऐसे मजदूरों को अवैध मजदूर के तौर पर चिह्नित करने में जुटी है। पर्यटक वीजा पर भेजे गए मजदूरों का कोई रेकार्ड न तो दूतावास में होता है और न ही भारत सरकार के पास। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि भारत सरकार उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल का गठन करके अपनी ओर से भी जांच बिठाए।

# ईद-उल-अजहा सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। ईद-उल- अजहा पर्व को ध्यान में रखते हुए थानाअध्यक्ष ललित मोहन रावल की अध्यक्षता में थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में 17 जुलाई को ईद-उल- अजहा (बकरीद) पर्व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। मुस्लिम समुदाय के त्योहार ईद-उल-अजहा पर खुले स्थान पर कुर्बानी न किए जाने तथा प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न किए जाने की स्पष्ट हिदायत दी गई है। वही नगर पंचायत को पर्व के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों एवं महत्वपूर्ण स्थलों में साफ-सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था करने को कहा गया। थाना अध्यक्ष ललित मोहन रावल ने बताया कि 17 जून को मनाई जाने वाली ईद-उल-अजहा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं व अफवाह फैलाने वाले लोगो पर कढी नजर रखी जा रही है। इस अवसर पर निवर्तमान चेयरमैन अकरम खा, पूर्व चेयरमैन हामिद अली,जितेंद्र चानना, एन यू जे जिलाध्यक्ष डीएल शर्मा,जुल्फेकार अली,दिलशाद अली,नगर पंचायत से मौ0 कामिल,ताजीम,रजा मस्जिद इमाम सैय्यद नजाकत मियां,नसीम खा,सौरभ कालडा आदि लोग मौजूद थे।

# मधुर संबंधों के गवाह बने पड़ोसी देश

पीएम नरेंद्र मोदी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की बराबरी करते हुए तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। इस बार भाजपा की सरकार राजग गठबंधन पर निर्भर रहेगी, क्योंकि भाजपा स्पष्ट बहुमत के 272 के आंकड़े से बहुत पीछे रह गई है। इसलिए घटक दलों से तालमेल बिठाकर जहां चुनौतियों से सामना करना होगा, वहीं जनता-जनार्दन की उम्मीदों पर भी खरा उतरना होगा। हालांकि शपथ के साथ ही मोदी ने न केवल समझौतावादी जनादेश स्वीकार किया है, बल्कि पड़ोसी देशों के राष्ट्र प्रमुखों को शपथ-ग्रहण समारोह में आमंत्रित कर मधुर संबंध बनाए रखने का उदार संदेश भी दे दिया है। साथ ही पड़ोसी चीन और पाकिस्तान को दरकिनार रखते हुए यह भी संदेश दिया है कि केंद्र में साझा सत्ता होने के बावजूद वे पाक और चीन की नापाक मंशाओं के सामने झुकने वाले नहीं हैं। पाक ने शपथ वाले दिन ही कश्मीर घाटी में तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकवादी हमला बोलकर यह जता दिया है कि वह अपनी कुटिल प्रवृति से बाज आने वाला नहीं है। साथ ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कश्मीर के मुद्दे पर संयुक्त बयान दिया है कि 'वह जम्मू-कश्मीर में भारत की इकतरफा कार्यवाही का विरोध करते हैं। इस मसले का शांतिपूर्ण हल संयुक्त राष्ट्र के चार्टर और यूएनएससी के प्रस्तावों के अंतर्गत तलाशना चाहिए।' अफगानिस्तान को इसलिए नहीं बुलाया ,क्योंकि वहां तो सरकार ही आतंकवादी संगठन तालिबान चला रहा है। ऐसे में अन्य सीमाई पड़ोसी देशों से मधुर संबंधों की यह पहल मोदी की दूरदर्शिता की साक्षी बनी है। गणतंत्र के इस समारोह में बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद्र जगरनाथ, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जु श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंधे, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल हुए। भारत की ओर से की गई यह पहल 'पड़ोसी पहले और सागर दृष्टिकोण' की नीतियों को कारगर बनाने की दृष्टि से की गई है। साफ है, पड़ोसी और समुद्र मोदी के इस तीसरे कार्यकाल में सर्वोच्च प्राथमिकता में रहेंगे। इसके पहले 2014 में नरेंद्र मोदी ने सार्क यानी दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के देशों और फिर 2019 में बिम्सटेक मसलन बहुक्षेत्रीय तकनिकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी की पहल से जुड़े देशों के प्रमुखों को आमंत्रित किया था। इस



संगठन का मुख्य उद्देश्य बंगाल की खाड़ी के किनारे बसे देशों के बीच परस्पर आर्थिक सहयोग बढ़ाना रहा है। इन देशों में भारत, बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल है। इसका सचिवालय बांग्लादेश में है। इन देशों में भारत क्षेत्रफल, आबादी और अर्थव्यवस्था की दृष्टि से सबसे बड़ा और वैश्विक प्रभुत्व वाला देश है। आज से दस साल पहले, अर्थात प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की संयुक्त प्रगतिशील संगठन सरकार में भारतीय अर्थव्यवस्था का विश्व में 11वां स्थान था, जो नरेंद्र मोदी के 10 साला कार्यकाल में 3.70 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के आकार के साथ विश्व में पांचवें स्थान पर है। अर्थव्यवस्था के जानकार यह उम्मीद जता रहे है कि वर्ष 2026 में भारतीय अर्थव्यस्था जर्मन की आर्थिकी से आगे निकलकर वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर होगी और 2027 में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का रूप ले लेगी। बावजूद भारत ने उदारता दिखाते हुए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जु को आमंत्रित किया। जबकि 2023 में जबसे मोइज्जु मालदीव के राष्ट्र प्रमुख बने हैं, तभी से मालदीव और भारत के संबंधों में तनाव बना हुआ है। अपने चुनाव अभियान के दौरान मोइज्जु ने भारत के 88 सैनिकों को देश से निकालने का आवाहन किया था। राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने चीन का दौरा किया। जबकि मालदीव के नए राष्ट्रपति बनते हैं, तो पद और गोपनीयता की शपथ लेने के बाद उनका पहला दौरा भारत का रहता है। किंतु अब मोइज्जू ने कहा है कि उनके लिए इस ऐतिहासिक अवसर में भागीदारी सम्मान की बात है। उम्मीद है कि अब दोनों देशों के बीच द्वीपक्षीय संबंध सकारात्मक दिशा में बढ़ेंगे। दक्षेस मसलन हमारे वे पड़ोसी देश जो हमारी जमीनी अथवा समुद्री सीमा से जुड़े हैं। इन देशों की संख्या 8 है। ये देश हैं, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, मालदीव और श्रीलंका हैं। हालांकि चीन भी हमारी सीमा से जुड़ा है, लेकिन वह दक्षेस का सदस्य देश नहीं है। इस समूह में यदि मॉरिशस, वर्मा, ईरान, म्यांमार और मध्य एशिया के पांच गणराज्य भी शामिल हो जाएं तो इसकी ताकत वैश्विक मुद्दों में हस्तक्षेप के लायक बन सकती है। मनमोहन सिंह पूरे एक दशक प्रधानमंत्री रहे, लेकिन वे विदेश नीति में मौलिक परिवर्तन लाने की दृष्टि से कोई भी पहल नहीं कर पाए थे। क्योंकि वे अनुकंपा प्रधानमंत्री थे और क्षेत्रीय क्षत्रपों के दबाव में तुरंत आ जाते थे। उनके निर्णय की डोरी सोनिया गांधी की मुट्ठी में बंद थी। नतीजतन वह कठपुतली प्रधानमंत्री के रूप में नाचने को मजबूर थे। इसके उलट मोदी राजनेता होने के साथ, दृढ़ इच्छाशक्ति वाले लगातार तीसरी बार निर्वाचित प्रधानमंत्री हैं, उनका यही आत्मबल उन्हें पड़ोसियों से संबंध सुधारने व विदेशी नीति को नई दिशा देने के लिए प्रेरित करता रहता है। दक्षेश देश दुनिया के तीन फीसदी भूगोल में फैले हुए हैं और दुनिया की मौजूदा आबादी की 21 प्रतिशत जनसंख्या इन्हीं देशों में है। इन देशों में कुल क्षेत्रफल और जनसंख्या में भारत की हिस्सेदारी 70 फीसदी से भी ज्यादा है। 80 फीसदी आर्थिकि पर भी भारत काबिज है। हालांकि वैश्विक कारोबार की तुलना में इन देशों का परस्पर कुल व्यापार महज 5 फीसदी ही है। इस लिहाज से ये देश न तो व्यापार के क्षेत्र में सफल रहे और न ही शांति बरकरार रखने में कामयाब हुए। इस नाते इस संगठन का अब बहुत ज्यादा महत्व नहीं रह गया है। पाक निर्यात आतंक यदि कालांतर में युद्ध का कारण बनता है तो दक्षेस का भंग होना तय है। हालांकि नरेंद्र मोदी न केवल दक्षेस, बल्कि आसियान देशों के बीच मुक्त व्यापार के पक्षधर रहे हैं। लेकिन पाक बाधाएं पैदा करने से बाज नहीं आता। जबकि भारत हमेशा सौहार्द का पक्षधर रहा है। मोदी ने दक्षेस देशों को तीनों शपथ समारोह में न केवल आमंत्रित किया, बल्कि एक ऐसा उपग्रह अतंरिक्ष में स्थापित किया, जो इन देशों के बीच तकनीकी रूप से मददगार साबित हुआ है। इन उपायों पर पाक ने अब तक बट्टा लगाने का ही काम किया है। इन्हीं वजहों से मजबूर होकर भारत ने गोवा में हुए ब्रिक्स सम्मेलन में बिम्सटेक सदस्यों को आमंत्रित किया था, किंतु पाक को अलग-थलग रखने की रणनीति तभी से अपनाई हुई है। एशियाई संगठन बिम्सटेक में भारत के अलावा भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड सदस्य देश हैं। ब्रिक्स पहले से ही आतंकवाद के खिलाफ है। नरेंद्र मोदी आतंकवाद के प्रखर विरोधी रहे हैं। उन्हीं की आतंकवाद के खिलाफ मुखरता के चलते आज भारत समेत दुनिया में आतंकवाद कमजोर हुआ है। इस सब के बावजूद यहां गौरतलब है कि दक्षेस संगठन के गठन में पाकिस्तान की अहम भूमिका रही है। पाक के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान ने इस परिकल्पना को अंजाम तक पहुंचाया था। उन्होंने दक्षेस के ज्यादातर देशों की यात्रा कर उनमें समन्वय हेतु एक दस्तावेज तैयार किया था। 1981 में भारत समेत अन्य दक्षेस देशों के विदेश सचिवों की पहली बैठक बांग्लादेश में हुई थी। बाद में 1983 में विदेश मंत्रियों की बैठक नई दिल्ली में हुई और इसी बैठक में 'दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन' वजूद में आया। किंतु अब पाकिस्तान चीन के कर्ज में फंसकर उसके इशारों पर नाचने को मजबूर है। भारत-पाक के संबंध आजादी के बाद से ही नरम-गरम बने चले आ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के 78,000 वर्ग किमी भूभाग पर पाक का अतिक्रमण है। नियंत्रण रेखा के उल्लंघन और सीमा पार से गोलीबारी और आतंकी गतिविधियां जारी हैं। दाउद जैसा आतंकी भगोड़ा भी पाक की शरण में है। बार-बार इन गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांगों को पाक अनदेखा करता रहा है। जाहिर है, वह रिश्तों को मधुर बनाने में दिलचस्पी नहीं ले रहा। आखिर दो पड़ोसी और लोकतांत्रिक देशों में यह तनाव कब तक बना रहेगा ? प्रधानमंत्री रहते हुए अटलबिहारी वाजपेयी ने लाहौर बस सेवा शुरु करके और फिर परवेज मुशर्रफ को आगरा में आमंत्रित करके, जमीं बर्फ को पिघलाने में बड़े भाई सा बड़प्पन भी दिखाया था, लेकिन इसकी दुखद परिणति कारगिल युद्ध में देखी गई थी। अतएव पाकिस्तान छोड़ अन्य पड़ोसियों को इस शपथ समारोह में आमंत्रित किया जाना इस रणनीति का संदेश है कि नरेंद्र मोदी उदार तो हैं, लेकिन आतंकवाद की सरपरस्ती करने वाले देश के प्रति कठोर भी हैं।

**- प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**




# महाविद्यालय के न्यूजलैटर संक्षेपाक्षर का विमोचन किया

किच्छा (उद संवाददाता)।राजकीय महाविद्यालय किच्छा के पहले त्रैमासिक समाचार बुलेटिन संक्षेपाक्षर का विमोचन महाविद्यालय के छात्र छात्राओं अनूप, शिवानी, रोशनी,अदीबा, प्रियंका तथा समीर द्वारा किया गया। त्रैमासिक पत्रिका के विमोचन कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ राजीव रतन ने संपादक मंडल और विद्यार्थियों को बधाई दी। कहा कि न्यूजलेटर का उद्देश्य महाविद्यालय की गतिविधियों, उपलब्धियों, प्रयासों को महाविद्यालय के सभी हितधारकों तक पहुँचाना है ताकि महविद्यालय के सभी हितधारक महाविद्यालय के विकास में योगदान दे सकें।



महाविद्यालय उत्तराखंड उच्चशिक्षा विभाग के लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ सके। पत्रिका संपादक डॉ प्रकाश चंद भट्ट ने कहा संस्था और समाज के बीच पुल बनाने में न्यूजलेटर की महत्त्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। विद्यार्थी संपादक मंडल सदस्य छात्रा जया और शाहनूर का योगदान भी सराहनीय रहा। पत्रिका के विमोचन कार्यक्रम में डॉ नरेश कुमार,डॉ उमराव सिंह, डॉ हर्षिता तिवारी , डॉ किरन बाला, लवली पांडेय,शुभम कुमार, गौतम उपस्थित अनूप, रोशनी, नीतू, अंकित, समीर, महेन्द्र, रेहान, अदीबा, सृष्टि तथा कोमल आदि छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

# खेत में करेंट से किसान की मौत

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र के देवनगर शक्तिफार्म नम्बर 3 ग्रामसभा में खेत में गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। ऊर्जा निगम के एसडीओ ने किसान के परिवार को चार लाख रुपये मुआवजा देने की बात कही है। देवनगर गांव निवासी मंगल सरकार (57 वर्ष) पुत्र भूधर सरकार सिडकुल स्थित एक उद्योग में काम करने के साथ ही खेतीबाड़ी भी करते थे। बृहस्पतिवार को ड्यूटी जाने से पहले वह अपने खेत में लगी चौनी धान की फसल को देखने गए थे। उनके खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली का तार रात के समय टूटकर खेत में गिरी हुई थी। अचानक मंगल खेत से निकलते समय टूटे हुए तार की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। निकट ही मवेशियों के लिए घास काट रहे एक ग्रामीण ने मंगल के परिजनों को इसकी सूचना दी। आनन फानन मे परिजन मंगल को एंबुलेंस से उप जिला चिकित्सालय सितारगंज लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगल के परिवार में उसकी पत्नी अपर्णा सरदार, एक बेटा व एक बेटी है। बेटी का विवाह हो चुका है।



# भाजपा सरकार में महिलाओं के हित सुरक्षित: संजीव

किच्छा(उद संवाददाता)। एक निजी स्कूल में महिला सम्मान एवं जाग्रति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी संजीव कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर के किया गया। कार्यक्रम में दूर-दराज के गावों से आई महिलाओं नें महिला सशक्तिकरण एवं महिला जागृति पर कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सिंह नें कार्यक्रम के आयोजकों का



धन्यवाद देते हुए कहा की भाजपा की केंद्र सरकार और उत्तराखंड की धामी की सरकार नें महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए अनेकों योजनाएं लागू की हैं। सरकार ने प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वरोजगार योजनाएं चलाई हैं जिससे अनेकों महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। इस अवसर पर बाल विकास हेल्पलाइन की सदस्या एडवोकेट पूजा शर्मा, सामाजिक कार्यकत्री रूबी भटनागर, रिंकी सक्सेना,सौरभ, डेरिक, कमलेश कुमार दुबे, संजय यादव, हेमलता बिष्ट, पुष्कर, पटेरी के पूर्व प्रधान मोतीराम आदि उपस्थित रहे।

# रक्तदान एवं चिकित्सा कैम्प कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वीरांगना ग्रुप की ओर से विशाल रक्तदान एवं आंख व दंत चिकित्सा कैम्प का आयोजन कल सिटी क्लब रूद्रपुर में किया जायेगा। जानकारी देते हुए ग्रुप की अध्यक्ष रेनू अरोरा ने बताया कि विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कल सिटी क्लब में होगा। इस अवसर पर श्री राम केयर हाई हॉस्पिटल के डा. अशोक गर्ग द्वारा शिविर में आये लोगों की आंखों का चेकअप भी किया जायेगा। साथ ही शहर के डा. शिवम रस्तौगी एवं डा. मानसी रस्तौगी द्वारा नि:शुल्क डेंटल चेकअप भी किया जायेगा। शिविर में नेत्रदान के संकल्प पत्र भी भरवाये जायेंगे। रेनू अरोरा ने शहरवासियों से इस कैम्प का लाभ उठाने की अपील की है।

# शराब बनाने की शिकायत पर माफिया ने ग्रामीण को दी धमकी

## सीएम समेंत डीजीपी को भेजी शिकायत

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। फावड़ी नदी पर कच्ची शराब बनाने की शिकायत पर कच्ची शराब माफियाओं ने ग्रामीण को शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। ग्रामीण ने मुख्यमंत्री सहित उच्चधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर अपनी जान माल की गुहार लगाई है। ग्राम विचई निवासी जसविन्द्र सिंह पुत्र कृपाल सिंह अपने शिकायती पत्र में कहा है कि रंसाली गांव से लगी फावड़ी नदी जो कि कि सुनखरी नगला आदि गांव से होते हुये गुरूद्वारा बाऊली साहिब में पहुंचती है। जो सिक्ख हिन्दु धर्म की आस्था का केन्द्र है। जो गुरूद्वारा बाऊली साहिब से लगी है। कच्ची शराब माफिया द्वारा उक्त नदी में शराब बनाकर उसे प्रदुशित किया जा रहा है, जिससे पशु पक्षी नदी का पानी पीने से बीमार हो रहें है। आस्था की केन्द्र फावड़ी नदी पर कच्ची शराब माफिया द्वारा कच्ची शराब बनाकर प्रदूषित करने की शिकायत एसएसपी से की तो उक्त शराब माफिया बोखला गए हैं। पुत्री के बारे में मोबाईल में गलत-गलत स्टेटस डालकर जान से मारने की धमकी दे रहें है। शिकायतकर्ता ने कहा कि उक्त सभी कच्ची शराब माफियाओं से पूरे परिवार को जान माल का खतरा बना हुआ है। आरोप है कि माफियाओं के सिडकुल चौकी सितारगंज में गहरी पैठ है। सिडकुल चौकी के संरक्षण में उक्त लोग कच्ची शराब का व्यापार करते हैं। ग्रामीण ने अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुये शराब माफियाओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

# किच्छा में अब बिना सत्यापन के नहीं चलेंगे ई रिक्शा

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सत्यापन के बिना अब टुक टुक ई रिक्शा का संचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंध कर दिया जाएगा।



जानकारी देते हुए कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा ने बताया कि नगर में संचालित सभी ई रिक्शा चालकों का सत्यापन प्रारंभ कर दिया गया है तथा प्रत्येक टुकटुक चालक का परिचय पत्र स्थानीय कोतवाली में बनाया जा रहा है जिसके लिए टुकटुक चालक का आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस और ई रिक्शा का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से लाना है तथा चालक का फोटो भी प्रमाणित किया जाना है। कोतवाल सुंदरम शर्मा ने बताया कि इसके लिए प्रत्येक ई रिक्शा चालक को कोतवाली से एक नंबर दिया जाएगा जो उसका कार्ड नंबर होगा तथा यही कार्ड नंबर टुक टुक पर भी अंकित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन रिक्शा चालकों के पास उक्त नंबर नहीं होगा। उन्हें कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत टुकटुक चलाने की अनुमति नहीं होगी। कोतवाल शर्मा ने बताया कि टुकटुक चालकों के सत्यापन से जहां अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की पहचान हो सकेगी वही अपराधों को भी निर्यत्रित किया जा सकेगा। इसके अलावा संख्या में हो रही वृद्धि पर भी रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बाहरी लोगों द्वारा किराए पर टुकटुक लेकर वह किराए पर रहकर कार्य किया जा रहा है जिनका की सत्यापन किया जाना नितांत आवश्यक हो गया है। सत्यापन के दौरान ही अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को सत्यापन कर उचित कार्रवाई की जानी है। उन्होंने यह भी कहा कि सत्यापन कार्यक्रम के चलते अपराधिक प्रवृत्ति के लोग खुद ही क्षेत्र छोड़कर पलायन कर जाएंगे तथा नगर में टुक टुक ई रिक्शा वाहनों के कारण लग रहे जाम से भी आम जनता को निजात मिलेगी उन्होंने कहा कि सत्यापन का यह कार्यक्रम एक निर्धारित समय तक किया जाएगा उसके उपरांत इसे बंद कर दिया जाएगा तथा बगैर सत्यापन के टुकटुक चला रहे वाहनों पर कानूनी कार्यवाही करते हुए वाहन चालकों के विरुद्ध भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी उन्होंने सभी टुकटुक चालकों टुकटुक स्वामियों से अनुरोध किया है कि समय रहते हुए अपने टुकटुक का व टुकटुक चालक का सत्यापन कोतवाली में आकर कर ले निर्धारित समय के उपरांत यदि टुकटुक स्वामी और टुकटुक चालकों को दिक्कत का सामना करना पड़ेगा तो पुलिस प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी इसलिए सभी टुकटुक स्वामी और टुकटुक चालक समय रहते हुए अपना-अपना सत्यापन कर लें।

# 11 घायलों को एम्स से मिली छुट्टी

ऋषिकेश । अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती उत्तरकाशी बस दुर्घटना के 11 घायलों के स्वास्थ्य में सुधार होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। दुर्घटना में घायल अन्य 6 लोगों का उपचार अभी जारी है। उत्तरकाशी के गंगनानी में हुई बस दुर्घटना में घायल 17 तीर्थयात्रियों को उपचार के लिए बुधवार की सुबह एम्स में भर्ती कराया गया था। संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि हालत में सुधार होने पर 17 में से 11 लोगों को बृहस्पतिवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। जिनमें उषा जोशी, अनुज, विनोद, भूपेंद्र, महेश, पद्मा, नवीन, संजय रस्तोगी, गीता, रमेश और दीपा देवी शामिल हैं। वहीं लीलाधर, पूरण सिंह, संध्या, रेखा रस्तोगी, विजय और महेंद्र का उपचार अभी जारी है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल परीक्षा की मार्कशीट जिसका रोल नं. 1220719094 है, 12 जून 2024 को रूद्रपुर में कहीं गुम हो गयी है, जो काफी खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिल पायी। इस मार्कशीट का कोई दुरूपयोग नहीं किया गया है।

**मौ० शोऐब पुत्र खुर्शीद अहमद**
निवासी-वार्ड नं.-9, सीरगोटिया, रूद्रपुर,
जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड


# आंदोलनकारी पेंशन में की जा रही देरी पर चिंता व्यक्त

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक धीरेंद्र प्रताप ने राज्य भर के उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी को दी जाने वाली पेंशन में पिछले कई महीनो से की जा रही देरी पर चिंता व्यक्ति है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अनुरोध किया है कि वह तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करें और राज्य आंदोलनकारी की पेंशन में की जा रही देरी को दूर करें । पेशन की इस राशि को बढ़ाकर कम से कम 15000 प्रति महीना किया जाना चाहिए। कहा कि वह संबंध में शीघ्र मुख्यमंत्री से स्वयं भी मिलेंगे।

# महाविद्यालय में प्रवेश को लेकर छात्रों का प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में हो रही प्रवेश प्रक्रिया में आ रही समस्याओं को लेकर आज कालेज के छात्रों ने प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि कालेज में प्रवेश हो रहे हैं साथ ही कालेज में मूल्यांकन केन्द्र भी बना दिया गया है। शिक्षकों की कमी बनी हुई है। जो टीचर एडमीशन कमेटी में हैं वह ही मूल्यांकन कर रहे हैं। जिस कारण छात्र छात्राओं को प्रवेश में परेशनी आ रही है। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन से पूर्व प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली जाये। क्योंकि एक ही समय में दोनों काम नही हो सकते हैं। इसलिए छात्र हित में मूल्यांकन केन्द्र हटाया जाये। प्रदर्शन करने वालों में रजत सिंह बिष्ट, नागेन्द्र



गंगवार, सुदीप सिंह, निखिल भारद्वाज, जसवंत गंगवार, अभय यादव, अक्षित छावड़ा, नाजिस मंसूरी, रजत विश्वास, गौरव, अविनाश राजपूत, अभिषेक चन्द्रा, जाकिर खान, किशन ठाकुर, गुरबाज सिंह, निशा, मनिशा, मुस्कान, प्रियंका, अंजली, प्रिया, साक्षी, राखी व सचिन आदि शामिल थे।

## पेज एक का शेष...

**नीट यूजी विवाद...** में रही थीं, क्योंकि वे 5 मई को परीक्षा के दौरान समय की बर्बादी के कारण 1,563 उम्मीदवारों को अनुग्रह अंक देने से संबंधित थीं। एनटीए के वकील ने कहा कि अब मामला सुलझ गया है और वह 1,536 उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स रद्द करने के फैसले और शीर्ष अदालत के 13 जून के आदेश के बारे में उच्च न्यायालय को सूचित करेंगे। नीट-यूजी परीक्षा को लेकर चल रहे विवाद के बीच केंद्र और एनटीए ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उन्होंने एमबीबीएस और ऐसे अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा देने वाले 1,563 उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स रद्द कर दिए हैं।

**सीएम ने दी सिंचाई...**करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। इस हेड निर्माण के पश्चात विभिन्न गांव की लगभग 1800 बीघा कृषि भूमि को सिंचाई के लिए भरपूर पानी 12 महीने उपलब्ध हो पाएगा। इससे पूर्व स्थायी हेड न होने से यहां हर वर्ष अस्थाई व्यवस्था करनी पड़ती थी। जो की बरसात में नदी के तेज बहाव में बह जाती थी। जिससे बरसात में नदी का तल नहर से नीचा हो जाता था, जिसके चलते गर्मियों में खेतों में बमुश्किल ही पानी पहुंचता था। परंतु अब स्थाई समाधान हो जाने के बाद सैकड़ों किसानों को इससे सीधा लाभ मिलेगा और उनकी फसलों को सौंग नदी से पर्याप्त मात्रा में पानी खेतों की सिंचाई के लिए उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री ने इस योजना का लोकार्पण करते हुए किसानों को सौगात दी है।

**रेलवे लाईन अंडरपास..**पास का काम रुका हुआ है। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में जब कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाता है, तो कई किलोमीटर का सफर करके, उसे अस्पताल पहुंचाया जाता है। बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी हो रहीं है। इसके अलावा स्वास्थ्य सम्बन्धी योजनाओं का भी लाभ प्राप्त नहीं हो पाता है, क्योंकि जिला चिकित्सालय दूर होने के कारण, लोगों को प्राईवेट अस्पताल में जाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में उक्त अन्डर पास को तुरन्त बनवाया जाना अत्यन्त आवश्यक है ।अभी कुछ दिन पूर्व ही जनहित की मांग पर स्थानीय प्रशासन द्वारा उक्त अंडरपास का कार्य आरम्भ कराया है, जिसमे औमेक्स निवासी काफी लोग भी सहमत है, लेकिन औमेक्स के कुछ तत्वों के द्वारा उक्त अंडरपास के कार्य को रोके जाने पर तरह-2 आपत्तियां प्रस्तुत कर कार्य को जानबूझकर बाधित कर रहे है, जिससे अंडरपास का कार्य बार-बार रोका जा रहा है, जिससे आम जनता के मन में रोष व्याप्त हो रहा है। रोषित लोगों ने ज्ञापन में जिलाधिकारी से सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए. संबंधित अधिकारियों को आदेशित कर, तुरन्त प्रभाव से उक्त अंडरपास को बनवाने का आग्रह किया है। प्रदर्शन करने वालों में मोहन खेड़ा, हरीश भट्ट, दीपक गोस्वामी, विक्की सिंह, हिम्मत सिंह, सुधा मिश्रा, संगीता, ममता नेगी, कमला नेगी, मंजू नेगी, पुष्पा नेगी, पूनम, हिमानी व दया आदि लोग शामिल थे।

**डीआईजी और एसएसपी ने ...**बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद एक डी-ब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया जिसमें सुरक्षा व्यवस्था से संबंधि त विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इस सत्र में आने वाली संभावित समस्याओं और उनके समाधान पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। डीआईजी एवं एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जल्द से जल्द आवश्यक सुधार करें और सुरक्षा उपायों को और अधिक सख्त बनाएं। इस मौके पर उपस्थित अन्य अधिकारियों ने मिलकर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता बनाने के लिए अपने सुझाव दिए और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

**पार्टटाईम जाब के नाम...**रूपये उसके खाता संख्या पर 9 अप्रैल 2024 को भेजकर बताया कि आपको अब एक टास्क दिया जायेगा जिसमें आपको हमें 5 स्टार रेटिंग देनी होगी । जिसके लिए एक हजार रूपये इन्वेस्ट करने पडेंगे जिसमें लाभ सहित 1420 रूपये मिलेंगे। जिसके लिये क्यूआर कोड भेजा गया जिसमें एक हजार रूपये की धनराशि स्थानान्तरित कर दी गयी । टास्क पूरा करने पर उनके द्वारा 1420 रूपये उसके खाता में स्थानान्तरित कर दिये गये । फिर बताया गया कि आपको एक टास्क दिया जा रहा है जिसके लिये 3000 रूपये जमा करने होंगे। उक्त धनराशि जमा कर दी गयी। उसके बाद 1000 रूपये फिर से जमा करने को बोला गया जो जमा कर दिये गये । जिसके बाद दिये गये टास्क को पूरा किया गया तो उसके खाते में 5200 रूपये की धनराशि क्रेडिट हो गयी । उसकी बात का विश्वास कर इस अवधि में अलग-अलग किस्तों में कुल एक लाख रूपये की धनराशि विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा ली गयी। उसे धोखाधड़ी का शक हुआ। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर ली है।

**किच्छा के राशन...**कोठा की दुकान का निरीक्षण सस्ता गल्ला विक्रेता अशोक कुमार तथा उनके चचेरे भाई भुवनेन्द्र प्रताप सिह के साथ किया गया। निरीक्षण में दुकान के बाहर किसी प्रकार का कोई नोटिस बोर्ड नहीं पाया गया तथा न ही स्टाक बोर्ड लगा पाया गया। मौके पर स्टाक में अंकित मात्रा एवं गोदाम में रखे खाद्यान्न का मिलान करने हुआ सस्ता गल्ला विक्रेता के द्वारा 4 अप्रैल 2024 को गोदाम से खाद्यान्न का उठान किया गया था लेकिन बिक्री नहीं की गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# चार धाम यात्रा की 'दीवानी हुई दुनिया'



## यूरोप से लेकर खाड़ी देशों तक पहुंची चार धाम यात्रा की गूंज, दुनिया के 109 देशों के नागरिकों ने कराया चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन, पंजीकरण कराने वाले विदेशी नागरिकों में अमेरिकी सबसे अधिक, विदेश से हुए अब तक 19809 यात्रियों के रजिस्ट्रेशन

-अर्श-

देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड की चार धाम यात्रा के मुरीद केवल भारत भर में ही नहीं है ,बल्कि चार धाम यात्रा का क्रेज अब ग्लोबल हो चला है ।चार धाम यात्रा के प्रति दुनिया की दीवानगी का आलम इन दिनों कुछ ऐसा है कि अब तक 109 देश के तकरीबन 19809 नागरिक विभिन्न माध्यमों से चार धाम यात्रा में शामिल होने के लिए पंजीकरण करा चुके हैं ।उत्तराखंड पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक वाई के गंगवार के मुताबिक अब तक दुनिया के जिन 109 देशों के नागरिकों ने चारध ाम यात्रा के लिए विभिन्न माध्यमों से पंजीकरण कराया है ,उनमें अमेरिका के 5292, मलेशिया के 4358, बांग्लादेश से 2023 एवं इंग्लैंड से 1906 और आस्ट्रेलिया से 927 लोग शामिल हैं। इसके अलावा चारधाम दर्शन के लिए नेपाली के नागरिकों का भी उत्तराखंड आना लगातार जारी है। यात्रा आरंभ होने से महज महीनेभर की अवधि में ही अब तक लगभग 13,527 नेपाली नागरिक चारधाम दर्शन के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि केदारनाथ, बद्रीनाथ गंगोत्री और यमुनोत्री समेत चारों धामों में दर्शन के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वाले विदेशी भक्तों की उमड़ रही भीड़ को देखते हुए ,उत्तराखंड सरकार की ओर से विदेश नागरिकों के चारधाम रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं और चार धाम यात्रा के लिए पंजीकरण करने वाले विदेशी नागरिकों का पूरा आंकड़ा राज्य के पर्यटन महकमा द्वारा एकत्र किया जा रहा है। उपरोक्त आंकड़े के अनुसार केदारनाथ-गंगोत्री समेत चारधाम यात्रा के लिए अभी तक 19,809 विदेशी नागरिक रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। चारधाम दर्शन के लिए सर्वाधिक पंजीकरण कराने वाले अमेरिका के नागरिक हैं इसके साथ ही सउदी अरब और अफगानिस्तान से लेकर कतर तक के यात्रियों भी ने इस बार पंजीकरण कराया है । चार धाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाले विदेशी नागरिकों में अमेरिका, मलेशिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, सिंगापुर, कनाडा, यूनाइटेड अरब अमीरात, साउथ अफ्रीका, तंजानिया, ब्राजील, रूस, नीदरलैंड, भूटान, श्रीलंका, नॉर्वे, इंडोनेशिया, कुवैत, आइसलैंड, बेलारूस, इटली, जर्मनी, थाईलैंड, हंगरी, स्वीडन, कतर, अफगानिस्तान, इराक, जापान, मैक्सिको, ओमान, बहरीन, कोलंबिया, ऑस्ट्रिया, स्पेन, ईरान, पोलैंड, नॉर्थ कोरिया, वेटिकन सिटी स्टेट, डेनमार्क, ताइवान, तुर्की, स्लोवाकिया, लेबनान, इजराइल समेत कुल 109 देशों के नागिरक शामिल है। बताना होगा कि इस साल 10 मई से प्रारंभ हुई चारधाम यात्रा में अभी तक 41 लाख से ज्यादा तीर्थयात्रियों ने दर्शन के लिए पंजीकरण कराया है। इनमें से 21 लाख से अधि क यात्री चारधाम के दर्शन कर भीचुके हैं। देखा गया है कि विदेशों में भी चारधाम यात्रा और दर्शन के प्रति गहरी आस्था है और यही आस्था विदेशी नागरिकों को सात समुंदर पार से उत्तराखंड खींच ला रही है।




# कैंची मेले के लिए पुलिस ने जारी किया ट्रैफिक प्लान

## कैंची धाम में शटल सेवा के माध्यम से श्रद्धालुओं को लाया जाएगा भवाली और गरमपानी में पार्किंग के लिए 14 स्थानों को चिहिन्त किया





नैनीताल। 15 जून को विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम के स्थापना दिवस को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। पुलिस ने मेले को लेकर विशेष यातायात प्लान जारी कर दिया है। जो 14 जून को दोपहर दो बजे के बाद लागू कर जाएगा। जिसमें भवाली पेट्रोल पंप से कैंची पनीराम ढाबा क्षेत्र जीरो जोन रहेगा। हल्द्वानी की ओर से पहाड़ व पहाड़ से हल्द्वानी की ओर जाने वाले वाहनों को क्वारब से वाया रामगढ़ व भीमताल मार्ग से भेजा जाएगा। पुलिस ने भवाली, भीमताल में पार्किंग समेत शटल सेवा को भी प्लान में शामिल किया है। एसपी यातायात व अपराध हरबंश सिंह ने अध ीनस्थों के साथ बैठक की। उन्होंने अध ीनस्थों को प्लान के अनुसार सख्ती से यातायात नियम अनुपालन करने के निर्देश दिये। एसपी ने पत्रकारों से हुई वार्ता में बताया कि मेले को लेकर यातायात प्लान के साथ ही 14 पार्किंग स्थल चयनित किए हैं। कैंची धाम जाने वाले वाहनों को पार्क करने के लिए सेनेटोरियम से रातीघाट, मस्जिद तिराहे से नैनीबैंड, रामलीला मैदान भवाली के साथ ही भीमताल के विकासभवन मैदान व मत्स्य विभाग के समीप पार्किंग स्थल बनाये गए हैं। कैंची धाम के लिए भीमताल के सभी पार्किंग स्थल, भवाली मस्जिद तिराहा व खैरना से शटल सेवा के माध्यम से श्रंद्धालुओं को लाया जाएगा। 14 जून की दोपहर दो बजे से प्लान को लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने यातायात प्लान को व्यवस्थित बनाये रखने के लिए लोगों से प्लान का पालन करने की अपील की है। अल्मोड़ा, बेतालघाट, रानीखेत, खैरना से हल्द्वानी जाने वाले वाहनों को क्वारब से शीतला, धानाचूली खुटानी होते हुए भीमताल को भेजा जाएगा। हल्द्वानी से अल्मोड़ा व पहाड़ को जाने वाले वाहनों को खुटानी से धानाचूली होते हुए भेजा जाएगा। भवाली से दिल्ली, हरियाण, यूपी, काशीपुर, बाजपुर जाने वाले वाहन वाया ज्योलीकोट रुसी से होते हुए कालाढूंगी मार्ग से जायेंगे। रामनगर कालाढूंगी से कैंचीधाम जाने वाले वाहन रुसी ज्योलीकोट होते हुए मस्जिद तिराहा भवाली तक जाएंगे। भवाली से नैनीताल आने वाले वाहन ज्योलीकोट नंबर एक बैंड से रुसी होते हुए नैनीताल आयेंगे। नैनीताल से दिल्ली, हरियाणा, यूपी व अन्य मैदानी क्षेत्र को जाने वाले पर्यटक कालाढूंगी मार्ग से जायेंगे। कालाढूंगी से नैनीताल आने वाला यातायात रुसी से होते हुए आयेगा। नारायण नगर से आगे वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जहां से शटल सेवा के माध्यम से ही लोगों को नैनीताल भेजा जाएगा। ज्योलीकोट व नैनीताल की ओर से भवाली आने वाले वाहनों को मस्जिद तिराहा से नैनी बैंड बाइपास, सेनेटोरियम से रातीघाट बाइपास व मस्जिद तिराहे से नैनीताल रोड में एक तरफ पार्क करवाया जाएगा। भीमताल की ओर से आने वाले वाहनों को रामलीला मैदान भवाली, नैनी बैड से मस्जिद तिराहा बाइपास, विकास भवन मैदान भीमताल, ग्राफिक एरा मैदान व भीमताल थाने व मत्स्य विभाग के समीप पार्क कराया जाएगा। दोपहिया वाहनों को भारत माता पार्किंग भवाली, परिवहन निगम की चौराहे पर स्थित पार्किंग, सेनेटोरियम, पेट्रोल पंप, जीबी पंत स्कूल के समीप पार्किंग में पार्क करवाया जाएगा। कैंची धाम में श्रद्धालुओं की संख्या साल दर साल बढ़ती जा रही है। इसके विपरीत सड़क सुविधा, पार्किंग और अन्य संसाधन सीमित हैं। कैंची ध ाम में महज 200 वाहनों की ही पार्किंग है। ऐसे में इंट्री प्वाइंट पर वाहनों को रोककर शटल सेवा के जरिये श्रद्धालुओं को भेजने की व्यवस्था की जाती है। वहीं 15 जून के लिए इस बार प्रशासन ने भवाली और गरमपानी में पार्किंग के लिए 14 स्थानों को चिह्नित किया है जिसमें 1500 से अधिक छोटे बड़े वाहन खड़े हो सकते हैं। भवाली, भीमताल और हल्द्वानी से आने वाले वाहनों को नैनीबैंड बाईपास, भवाली मैदान और रानीखेत रोड पर पार्क किया जाएगा। नैनीताल, ज्योलीकोट आदि इलाकों से आने वाले वाहनों को मस्जिद तिराहा, सेनिटोरियम बाईपास में पार्क कर शटल सेवा से कैंचीधाम के लिए भेजा जाएगा। साथ ही गरमपानी, रानीखेत, अल्मोड़ा से आने वाले वाहनों को गरमपानी में पार्क कर पनीराम के ढाबे तक शटल के माध्यम से भेजा जाएगा। प्रदेश सरकार ने मानसखंड के तहत कैंची धाम क्षेत्र को विकसित करने की योजना बनाई है। इसके तहत कैंचीधाम में 400 वाहनों की पार्किंग के लिए जगह का चयन किया गया है। इसके अलावा भवाली में तीन जगह पार्किंग बनाई जा रही है, जिनकी कुल वाहन क्षमता करीब 1000 है।